Nikhaar
FANCY STORES
आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
Mukesh Agrawal
9340378220, 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

BATTERY ZONE
Deals In: All Types of Battery and Invertor
इन्वर्टर + बैटरी मात्र 13,000/- में
Mo.- 9109013555
Opp. Majar, G.E. Road, Shastri Nagar, Bhilai (C.G.)
Email : batteryzonebhilai@gmail.com

वर्ष- 13, अंक - 121 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, मंगलवार 15 फरवरी 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

आभूषण एवं माला गुथाई (रिपेयरिंग) अंगुठी व मंगलसुत्र बनाया जाता है।
एस.आर. ज्वेलर्स
सभी प्रकार के ग्रहरत्नों के विक्रेता
प्रो. जितेन्द्र कुमार सोनी
9294510324, 7489986199
बोरसी रोड, आदर्श नगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

किराये से देना है
15x20 डबल स्टोरी दुकान किराये से देना है।
संपर्क :- 99933-16015
किराया - 8000 से 10000 मात्र
हाइवे पेट्रोल पंप के सामने दुर्गा मंदिर के बाजू में
जनता मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

गहराए युद्ध के बादल

# भारतीयों को यूक्रेन छोड़ने का निर्देश, कीव में दूतावास का संदेश

**कीव/नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस व यूक्रेन के बीच गहराती जंग की आशंका के बीच कीव स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीयों, खासकर विद्यार्थियों को देश छोड़ने का निर्देश दिया है। यूक्रेन की राजधानी कीव में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को यह निर्देश दिए। दूतावास ने कहा कि मौजूदा अनिश्चिततापूर्ण स्थिति को देखते हुए भारतीय, खासकर विद्यार्थी, जिनका यहां रहना जरूरी नहीं है, अस्थाई रूप से यूक्रेन छोड़ दें। दूतावास ने सभी भारतीयों से यह भी कहा कि वे यूक्रेन में सभी गैर जरूरी यात्राएं टालें।



सभी भारतीयों से कहा था कि वे पंजीयन करा लें, ताकि उन्हें कोई भी सूचना तेजी से पहुंचाई जा सके।

यूक्रेन को लेकर हाल के महीनों में तनाव बढ़ गया है। रूस और नाटो ने एक-दूसरे पर रूसी-यूक्रेन सीमा पर भारी सैन्य जमावड़े का आरोप लगाया। उधर, अमेरिका और यूक्रेन ने रूस पर आक्रमण की तैयारी करने का आरोप लगाया है। हालांकि मास्को ने इस आरोप का खंडन किया है। रूस ने कहा है कि उसका किसी देश पर हमले का कोई इरादा नहीं है।

### दूतावास के संपर्क में रहें भारतीय


दूतावास ने यूक्रेन में मौजूद भारतीयों से कहा है कि वे कीव दूतावास के संपर्क में रहें, ताकि जब भी जरूरत हो उन तक पहुंच सकें। दिशा-निर्देशों में यह भी कहा गया है कि दूतावास लगातार सामान्य रूप से कामकाज जारी रखेगा और यूक्रेन में रह रहे भारतीयों को सारी सेवाएं प्रदान करेगा। इससे पहले 26 जनवरी को भारतीय दूतावास ने यूक्रेन में रहने वाले

### तनाव घटाने में भारत समेत कोई भी देश करे मदद : अमेरिका

इससे पहले व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने कहा था कि रूस-यूक्रेन तनाव घटाने के लिए अमेरिका भारत समेत किसी भी देश की भूमिका का स्वागत करेगा। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जेन साकी ने कहा, 'हम निश्चित रूप से तनाव कम करने के किसी भी प्रयास का स्वागत करते हैं। हम कई सहयोगियों और भागीदारों के संपर्क में हैं, लेकिन इस बारे में भारतीय अधिकारियों से बातचीत का कोई खास ब्योरा नहीं है।

## उपग्रह तस्वीरों में दिखी जंग की आहट, बेलारूस व क्रीमिया में रूसी लड़ाकू विमान तैनात

अमेरिकी कंपनी द्वारा उपग्रह से ली गई ताजा तस्वीरों से पता चला है कि रूस-यूक्रेन जंग की तैयारी पूरी हो गई है। बीते 48 घंटों में रूस ने बेलारूस, क्रीमिया व अपनी पश्चिमी सीमा पर बड़े पैमाने पर लड़ाकू विमान तैनात कर दिए हैं। जंग टालने के इरादे से अमेरिका रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के साथ लगातार संपर्क में है। राष्ट्रपति बाइडन खुद पुतिन से लंबी चर्चा कर चुके हैं। बाइडन प्रशासन की मानें तो यदि



पुतिन का रुख सकारात्मक रहा तो इस सप्ताहांत तक राजनयिक प्रयासों की कामयाबी की खबर मिल सकती है। बहरहाल अभी तो हालात चिंताजनक हैं। यूक्रेन सीमा पर भारी रूसी सैन्य जमावड़े से इस बात की आशंका भी गहराती जा रही है कि रूस किसी भी वक्त हमला बोल सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने तो स्वयं 16 फरवरी को रूस द्वारा हमले की आशंका प्रकट की है।

## चारा घोटाले में लालू यादव दोषी करार
### सीबीआई कोर्ट ने सुनाया फैसला, डोरंडा कोषागार से जुड़ा है मामला

**रांची (एजेंसी)।** बहुचर्चित चारा घोटाला में झारखंड के डोरंडा कोषागार से 139.35 करोड़ रुपये की अवैध निकासी पर फैसला आ गया है। रांची स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने आज इस मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को दोषी ठहरा दिया है। हालांकि अभी सजा का एलान नहीं किया गया है। अगर तीन साल से अधिक की सजा होती है तो फिर जमानत नहीं मिल पाएगी। अगर सजा तीन साल से कम की होती है तो जमानत की संभावना बन जाएगी।

### रविवार को ही पटना से रांची के लिए रवाना हो गए थे लालू

अदालत के सामने पेश होने के लिए लालू रविवार को ही पटना से रांची के लिए रवाना हो गए थे। रांची पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट पर लालू यादव का जोरदार स्वागत किया। बता दें कि लालू प्रसाद को अब तक करोड़ों



रुपये के चारा घोटाले से जुड़े पांच में से चार मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है। चारा घोटाले के चार मामलों- देवगढ़, चाईबासा, रांची के डोरंडा कोषागार और दुमका मामले में लालू प्रसाद को जमानत दे दी गई थी।

### सीबीआई ने कहा था-इसमें मंत्री कर्मचारी सब शामिल

सीबीआई ने जांच में कहा था कि ये व्यापक षड्यंत्र का मामला है। इसमें राज्य के नेता, कर्मचारी और व्यापारी सब भागीदार थे। इस मामले में बिहार के एक और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. जगन्नाथ मिश्र समेत राज्य के कई मंत्री गिरफ्तार किए गए थे।

### घोटाले को ऐसे दिया गया था अंजाम

डोरंडा ट्रेजरी से अवैध निकासी मामले में कोर्ट ने लालू सहित 99 आरोपियों को कोर्ट में उपस्थित रहने को कहा है। लालू इसी मामले में जमानत पर अभी बाहर हैं। इस घोटाले में कई चौंकाने वाले मामले सामने आए। जिसमें पशुओं को फर्जी रूप से स्कूटर और मोटरसाइकिल पर ढोने की कहानी शामिल है। मामला 1990-92 के बीच का है। अफसरों और नेताओं ने फर्जीवाड़ा की नई कहानी ही लिख दी। फर्जीवाड़ा कर बताया गया कि 400 सांड़ को हरियाणा और दिल्ली से स्कूटर और मोटरसाइकिल पर रांची तक ढोया गया। यानी घोटाले में जिस गाड़ी नंबर को विभाग ने पशु को लाने के लिए दर्शाया था, वे मोटसाइकिल और स्कूटर के नंबर निकले। सीबीआई ने जांच में पाया कि कई टन पशुचारा, पीली मकई, बादाम, खल्ली, नमक आदि ढोने के लिए स्कूटर, मोटरसाइकिल और मोपेड का नंबर दिया गया था।

## खास-खबर

### अंडरवर्ल्ड से जुड़े ठिकानों पर ईडी का बड़ा सर्च ऑपरेशन, दाऊद की बहन के घर पर भी छापेमारी

**मुंबई (एजेंसी)।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने मुंबई में अंडरवर्ल्ड से जुड़े लोगों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार ईडी ने दाऊद इब्राहिम की बहन हसीना पारकर के मुंबई स्थित आवास पर भी छापेमारी की है। इसके अलावा ईडी ऐसे कई नेताओं के घर पर छापेमारी कर रही है जिनके तार डी कंपनी से जुड़े हुए हैं। एजेंसी ऐसे नेताओं की प्रॉपर्टी और अवैध निकासी से संबंधित केस की जांच कर रही है।

### कुल दस ठिकानों पर छापेमारी

प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी के अनुसार कुल दस ठिकानों पर छापेमारी की गई है और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक राजनेता से जुड़े कुछ परिसरों को भी कवर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईडी की कार्रवाई राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा हाल ही में दर्ज की गई एक प्राथमिकी और पूर्व एजेंसी को मिली कुछ खुफिया सूचनाओं पर आधारित है।

### राजनेता का नाम भी चर्चा में

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा इस मामले में एक बड़े राजनेता की बात सामने आने के बाद से सियासी गलियारे में हलचल तेज हो गई है। हांलांकि अधिकारियों ने नेता के नाम का खुलासा नहीं किया है। ईडी के अधिकारी बता रहे हैं कि अभी जांच ही शुरू की गई है। जल्द ही परिणाम सामने आएंगे। इस बीच शिवसेना नेता संजय राउत भी आज एक प्रेस वार्ता कर भाजपा के चार नेताओ पर आरोप लगाने वाले हैं।

पूर्व सीएम डॉ. रमन ने सीएम भूपेश बघेल से पूछा

# नोनी सहायता योजना प्रचार के लिए या बेटियों के कल्याण के लिए?



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह इन दिनों ट्विटर पर बेहद सक्रिय हैं। उन्होंने नोनी सहायता योजना को लेकर सीएम भूपेश बघेल से ट्वीट के जरिये सवाल पूछा है। डॉ. रमन ने कहा कि भूपेश बघेल जी नोनी सहायता योजना प्रचार के लिए है या बेटियों के कल्याण के लिए? योजना में श्रमिकों की बेटियां जो 18 वर्ष से 18 वर्ष 6 महीने की है, उनको ही लाभ देने का जिक्र है। इतना कम अंतर क्यों? इसका दायरा कम से कम 15 वर्ष से 21 वर्ष 6 महीने होना चाहिए।

डॉ. रमन ने छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की अधिसूचना के दो पन्नों के दस्तावेज भी ट्विटर पर साझा किए हैं। दरअसल पूर्व सीएम ने यह सवाल इसलिए उठाया है कि योजना के तहत 18 वर्ष से 18 वर्ष 6 महीने तक पात्र बेटियों को लाभ देने का जिक्र है। ऐसे में बहुत कम लोगों को इस योजना का लाभ मिल पाएगा। डॉ. रमन ने ट्वीट के माध्यम से सीएम भूपेश को सुझाव भी दिया है कि इसका दायरा कम से कम 15 वर्ष से 21 वर्ष 6 महीने होना चाहिए। पूर्व सीएम के इस ट्वीट के बाद प्रदेश की सियासत भी गरमा गई है।

### गणतंत्र दिवस पर सीएम ने बस्तर में की है घोषणा

बता दें कि मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना-2022 को छत्तीसगढ़ में सीएम भूपेश बघेल द्वारा शुरू किया गया। इस योजना को 73वें गणतंत्र दिवस यानी 26 जनवरी को बस्तर में शुरू करने का ऐलान किया गया है। योजना के अंतर्गत राज्य में जितने भी श्रमिक परिवार की बेटियां हैं, उन्हें शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार (स्वयं का व्यवसाय) व शादी में 20 हजार रुपये की आर्थिक वित्तीय सहायता राशि प्रदान की जाएगी। यह राशि लाभार्थी बेटी के बैंक खाते में सरकार द्वारा भेजी जाएगी। इसके लिए आधार कार्ड से लिंक वाला आवेदक का बैंक खाता होना बहुत जरूरी है।

# भूपेश का भाजपा पर तंज, कहा- पहले और दूसरे चरण में शाह ने योगी को निपटाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उत्तर प्रदेश चुनावी दौरे पर गए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित भाजपा पर तंज कसा। भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया एकाउंट पर कहा है कि अमित शाह ने यूपी चुनाव के पहले और दूसरे चरण में योगी को निपटा दिया है। छठें और सातवें चरण में नरेंद्र मोदी निपटाएंगे। देखना यह है कि दोनों को योगी निपटाते हैं या दोनों मिलकर योगी को।

दरअसल, उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। सीएम ने अपने ट्विटर एकाउंट पर प्रत्याशियों के प्रचार और सभाओं की तस्वीरें शेयर की है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा है कि इस बार उत्तर प्रदेश की जनता जाति-धर्म पर नहीं बल्कि मुद्दों पर वोट करके सांप्रदायिक एवं जातिवादी ताकतों को हराने जा रही है। सीएम ने झांसी, कानपुर जिले में कई सभाओं को संबोधित किया। मीडिया से बात करते हुए सीएम भूपेश ने कहा कि हमारा मुख्य मुद्दा किसानों को दाम, बेरोजगारों को काम और महिलाओं को सम्मान मिले है।




### दिल्ली तक जाएगी आवाज, लखनऊ में बदलेगी सरकार

वे झांसी में व्यापारियों के साथ 'व्यापार संवाद' में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि व्यापारी कह रहे हैं कि इस बार हाथ के पंजे की बटन दबेगी, जिसकी लाइट झांसी में जलेगी, लेकिन आवाज दिल्ली तक जाएगीज और सरकार लखनऊ में बदलेगी। भूपेश बघेल ने विभिन्न सभाओं के वीडियो भी शेयर किए हैं, जिसमें कोरोना के दौरान यूपी की नदियों में कितने शव दफनाए गए?, जीएसटी, नोटबंदी सहित कई मुद्दों पर भाजपा सरकार पर वार किए। भूपेश ने छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर हो रही धान खरीदी, गोधन न्याय योजना, किसानों की कर्जमाफी जैसी योजनाओं की जनता को जानकारी दी।

# कोरोना से राहत: 24 घंटे में तीस हजार से कम नए केस, 76 दिनों के बाद इतने कम मामले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना के मामलों में लगातार कमी देखी जा रही है। जानकारों का कहना है कि यह महामारी की तीसरी लहर का आखिरी पड़ाव है। बीते 24 घंटे में भारत में कुल 27409 नए केस मिले वहीं 344 लोगों की जान चली गई। 76 दिनों के बाद कोरोना के इतने कम मामले सामने आए हैं। इससे पहले 30 नवंबर को 22775 केस मिले थे। वहीं तीसरी लहर की पीक 20 जनवरी को आई जब एक ही दिन में 3.47 नए केस दर्ज हुए।

अभी देश में 423127 संक्रमित मरीज हैं। हालांकि इस संख्या में भी तेजी से गिरावट आई है। 23 जनवरी को यह संख्या 22.49 लाख हो गई थी। वहीं बीते 24 घंटे में 82 हजार से ज्यादा लोग ठीक भी हो गए। अब तक कोरोना 5.09 लाख लोगों की जान ले चुका है।



### क्या है केरल का हाल?

कोरोना का सबसे पहले असर केरल में ही देखा गया। तीसरी लहर की भी शुरुआत केरल से ही मानी जाती है। यहां अब भी बड़ी संख्या में मरीज सामने आ रहे हैं। बीते 24 घंटे में 8989 नए केस मिले। हालांकि एक दिन पहले 11 हजार से ज्यादा केस मिले थे। यहां एक दिन में 69 मरीजों की जान चली गई। कोविड की शुरुआत से राज्य में 64.16 लाख लोग संक्रमित हो चुके हैं।

### महाराष्ट्र में भी कम हुए केस

महाराष्ट्र में भी कोरोना अपना बहुत कहर बरपा चुका है। हालांकि अब लगातार नए मामलों में कमी देखी जा रही है। बीते 24 घंटे में यहां 1966 नए केस मिले और 12 लोगों की मौत हो गई। यहां अब तक 78 लाख से ज्यादा लोग महामारी की चपेट में आ चुके हैं। महाराष्ट्र में कोरोना की वजह से 43416 लोग जान गंवा चुके हैं।

### दिल्ली में कोरोना के एक हजार से कम मामले

राजधानी दिल्ली में भी कोरोना का आंकड़ा तेजी से घट रहा है। सोमवार को राजधानी में कोरोना से चार मरीजों की मौत हुई। वहीं नए मामले 586 दर्ज किए गए। अब यहां पॉजिटिविटी रेट भी घटकर 1.4 फीसदी हो गई है।दिल्ली में अब तक 18,51,906 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें से 18,22,414 मरीज ठीक हो गए। 26,076 मरीजों की मौत हो गई।

## छत्तीसगढ़ में कोरोना के 571 नए मरीज मिले, 24 घंटे में 5 की गई जाने

छत्तीसगढ़ में कोरोना की तीसरी लहर का संक्रमण बहुत कम हो गया है। पॉजिटिविटी दर 2 प्रतिशत से नीचे आ गई है। सोमवार को प्रदेश में 571 नए केस मिले हैं। कोरोना से 5 लोगों की जान भी चली गई। प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 7 हजार से कम हो गई है। छत्तीसगढ़ में इस महामारी से अब तक 14 हजार 11 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं प्रदेश में कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के अब तक कुल 46 मरीज भी मिल चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को प्रदेश में 571 नए केस मिले हैं, जिसमें सबसे ज्यादा सूरजपुर में 75 नए संक्रमित मिले हैं। इसके बाद दुर्ग में 56, रायपुर में 55, कोरबा 32, राजनांदगांव 30, कबीरधाम 27, बिलासपुर में 27, मुंगेली में 24, धमतरी में 23, कोंडागांव 23, सरगुजा 21, बलौदाबाजार में 20, बेमेतरा में 19, कांकेर में 18, बलरामपुर 15, कोरिया में 14, रायगढ़ में 12, जशपुर व नारायणपुर में 11-11 नए केस मिले हैं। प्रदेश के 7 जिलों में 1 से 10 के बीच मरीज मिले हैं। बड़ी संख्या में मरीजों के स्वस्थ होने से प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 6,394 हो गई है।

## सड़क हादसा: प्रयागराज से आ रही लग्जरी बस पलटी, एक की मौत, 15 घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सोमवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। प्रयागराज से आ रही एक लग्जरी बस कवर्धा में पलट गई। हादसे में एक यात्री की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए। वहीं 6 लोग गंभीर घायल बताए जा रहे हैं। लखनऊ से बेमेतरा आनेवाली बस नंबर एमपी 18 पी 0383 में 60 से अधिक यात्री सवार थे। इसी दरमियान अकचरा घाटी के पास अनियंत्रित होकर बस पलट गई। जानकारी के मुताबिक बस हादसा ड्राइवर की लापरवाही से हुआ है। प्रयागराज से सोमवार की सुबह करीब 9 बजे बस कवर्धा-बेमतरा बॉर्डर पर पलट गई। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बस के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। सूचना




पर कुकदूर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया।

स्थानीय पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी। बताया जा रहा है कि बस में 60 यात्री सवार थे। जिनमें 15 यात्री घायल हो गए। जबकि एक यात्री की मौत हो गई। मरने वाले यात्री का नाम हरीश निषाद बताया जा रहा है। 15 घायलों में 6 लोग गंभीर घायल बताए जा रहे हैं। गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि बस तेज रफ्तार में थी। इसलिए हादसा हुआ।

## संपादकीय

# दूसरे दौर का मतदान

कई मायनों में विधानसभा चुनाव का यह चरण सबसे महत्वपूर्ण था। सोमवार को उत्तराखंड और गोवा विधानसभा की सभी सीटों के लिए तो मतदान हुआ ही, साथ ही उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए दूसरे चरण की 55 सीटों पर भी लोगों ने वोट डाले। उत्तर प्रदेश में अभी मतदान के पांच चरण बाकी हैं, लेकिन उत्तराखंड और गोवा में अगली राज्य सरकारों के लिए लोगों का फैसला ईवीएम में बंद हो गया। सोमवार को जिन 165 सीटों के लिए मतदान हुआ, वे देश के तीन प्रदेशों में तो बंटी हैं ही, उनका भूगोल भी अलग है, भाषाएं भी अलग हैं और स्थानीय समस्याएं भी। लेकिन कुछ चीजें समान हैं, जो इन तीनों को जोड़ती भी हैं। जैसे, तीनों ही जगह इस समय भारतीय जनता पार्टी का शासन है, सभी जगह अपनी सत्ता बचाने के लिए उसे एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है। कुछ समस्याएं समान हैं, जिन्हें विपक्ष सभी जगह चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहा है। खासकर महंगाई और बेरोजगारी। सरकार से लोगों की नाराजगी का सारा नैरेटिव इन्हीं के आस-पास बुनने की कोशिश हो रही है। इनमें अगर गोवा को छोड़ दें, तो बाकी जगह भाजपा का ग्राफ दो लोकसभा और एक विधानसभा चुनाव, यानी पिछले तीन चुनावों में लगातार ऊपर ही बढ़ा है। इन सभी जगहों पर भाजपा के सामने पुराने आधार को बचाने की चुनौती है, वह भी तब, जब महामारी के लंबे दौर से गुजर चुके देश में बहुत सी चीजें ठीक ढंग से नहीं चल रहीं।

> “ उत्तर प्रदेश में जिन 55 सीटों के लिए मतदान हुआ है, उनमें से ज्यादातर पिछली बार भाजपा ने जीती थी, लेकिन इस बार उसे नाकों चने चबाने पड़ रहे हैं। प्रदेश का यह वह इलाका है, जहां अल्पसंख्यकों का वोट सबसे महत्वपूर्ण होता है। सोमवार को तीनों राज्यों में हुए चुनाव में अगर हम उत्तर प्रदेश के पिछले चरण के मतदान को भी जोड़ लें, तो इस बार पहले के मुकाबले चुनावी हिंसा की कम घटनाएं रिपोर्ट हुईं। मतदान में गड़बड़ी के आरोप भी कम सुनाई दिए। इससे हमारे लोकतंत्र की परिपक्वता और चुनाव आयोग के अच्छे प्रबंधन का पता चलता है।

इस लिहाज से देखें, तो उत्तराखंड की लड़ाई सबसे रोचक है। राज्य के मतदाता बारी-बारी से कांग्रेस और भाजपा को सत्ता सौंपते रहे हैं। इस बार भी चुनावी स्पर्द्धा मूल रूप से इन्हीं दोनों पार्टियों के बीच है। उत्तराखंड देश के उन राज्यों में एक है, जहां बेरोजगारी की दर सबसे ज्यादा है। दूसरी तरफ वहां के पर्वतीय क्षेत्रों के गांव बड़े पैमाने पर पलायन की समस्या से भी जूझ रहे हैं। सबसे बड़ी बात है पर्यावरण में हो रहा बदलाव, जो पूरे प्रदेश के लिए लगातार खतरा बना हुआ है। बाकी मसलों का तो यदा-कदा जिक्र होता भी है, लेकिन यही एक ऐसा मुद्दा है, जो सभी राजनीतिक दलों की प्राथमिकता सूची से गायब है। गोवा में लड़ाई इस बार बहुकोणीय है। भाजपा, कांग्रेस तो मैदान में हैं ही, आम आदमी पार्टी भी पूरी ताकत के साथ इस बार ताल ठोक रही है, दूसरी तरफतृणमूल कांग्रेस है, जो पहली बार पश्चिम बंगाल से बाहर बड़े स्तर पर अपना चुनावी भाग्य आजमा रही है। कुछ स्थानीय दल भी हैं। स्पष्ट बहुमत न आ पाने की स्थिति में ये दल हमेशा महत्वपूर्ण हो जाते हैं। पिछली बार यही हुआ था। भाजपा की दिक्कत यह है कि उसके सबसे लोकप्रिय नेता मनोहर पर्रिकर इस बार नहीं हैं। उत्तर प्रदेश में जिन 55 सीटों के लिए मतदान हुआ है, उनमें से ज्यादातर पिछली बार भाजपा ने जीती थी, लेकिन इस बार उसे नाकों चने चबाने पड़ रहे हैं। प्रदेश का यह वह इलाका है, जहां अल्पसंख्यकों का वोट सबसे महत्वपूर्ण होता है। सोमवार को तीनों राज्यों में हुए चुनाव में अगर हम उत्तर प्रदेश के पिछले चरण के मतदान को भी जोड़ लें, तो इस बार पहले के मुकाबले चुनावी हिंसा की कम घटनाएं रिपोर्ट हुईं। मतदान में गड़बड़ी के आरोप भी कम सुनाई दिए। इससे हमारे लोकतंत्र की परिपक्वता और चुनाव आयोग के अच्छे प्रबंधन का पता चलता है।

---

> **“ इस कार्यशैली के बदले एक ऐसे इकोसिस्टम को अपनाया जाएगा जो सशक्तिकरण का आधार बनेगा। संक्षेप में, गरीबों को सहायता देने के बदले उन्हें गरीबी से बाहर निकलने के लिए स्वयं प्रयास करने को लेकर सशक्त बनाया जाएगा, जिससे इस अभिशाप से मुक्ति की निरंतर लड़ाई की शुरुआत होगी। वास्तव में, यह जीत की स्थिति होगी।**

# बजट 2022-23 यानी व्यापक बदलाव लाने वाला ब्लूप्रंट

अनिल पद्मनाभन

समस्त सराहनीय केंद्रीय बजटों में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया नवीनतम बजट निश्चित रूप से विशेष मायने रखता है। ऐसा इसलिए नहीं कहा जा रहा है कि कई राज्यों में हो रहे अत्यंत महत्वपूर्ण चुनावों को देखते हुए संभावित मतदाताओं को लुभाने के लिए वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट में खुल कर मुफ्त उपहार और रियायतें बांटे जाने के तमाम अनुमान गलत साबित हुए हैं। इसी तरह ऐसा इसलिए नहीं कहा जा रहा है कि हाल-फि?लहाल के वर्षों में यह किसी भी वित्त मंत्री का सबसे छोटा बजट भाषण था।

दरअसल, ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि भारत में अभी से लेकर अगले 25 वर्षों तक की लंबी अवधि में ०?यापक बदलाव लाने वाला ब्लूप्रिंट इस बजट में पेश किया गया है। इसमें कोई संशय नहीं है कि हमारा देश सदी में एक बार आने वाली उस महामारी के कारण गहराए संकट से अपनी अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से उबारने में अब भी जुटा हुआ है, जिसकी उत्पत्ति संभवतः चीन के वुहान में हुई थी। लेकिन फिर भी इस केंद्रीय बजट में यह कहते हुए सरकार के पूर्ण आत्मविश्वास को स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है कि वर्तमान संकट से पार पा लिया जाएगा और अब 'नए भारत' के लिए ब्लूप्रिंट तैयार करने का सही समय आ गया है।

वित्त मंत्री सीतारमण ने यह संकेत दिया है कि केंद्र सरकार अभिनव डिजिटल प्रौद्योगिकियों की अद्भुत ताकत का इस्तेमाल कर, देश में तेजी से बढ़ी संख्या में स्टार्ट-अप्स द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट उद्यम का अनुकरण करने के लिए लोगों को प्रेरित कर, और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ इन नीतिगत सुधारों को सफलतापूर्वक लागू करके सदैव अटल रहने वाले व्यापक बदलाव को साकार करने की उम्मीद करती है।




***फिर से शुरुआत***

इस साल के बजट ने ठीक वहीं से शुरुआत की, जहां पिछले साल के '100 साल में अपनी तरह के पहले बजट' ने छोड़ा था। निजीकरण को लेकर सरकार का निर्णय पिछले साल के बजट की सबसे बड़ी विशेषता थी। सार्वजनिक क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था की अग्रणी भूमिका में रखने की ऐतिहासिक परिपाटी को हमेशा के लिए त्याग दिया गया और कारोबार जगत को अर्थव्यवस्था में बराबर का हितधारक बनाया गया। उससे पहले साल के मध्य में कॉरपोरेट और व्यक्तिगत आय करों में कमी की गई।

अंतरिम तौर पर, सरकार ने 14 क्षेत्रों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं समेत व्यापक संरचनात्मक सुधारों एवं व्यापार करने को और अधिक आसान बनाने के लिए प्रक्रियात्मक सुधारों को अपनाया और नई विकसित डिजिटल सुविधाओं को बढ़ावा दिया। इस साल के बजट ने आपूर्ति से संबंधित बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से अर्थव्यवस्था में बुनियादी ढांचे को उन्नत बनाने पर नए सिरे से ध्यान केन्द्रित करते हुए इस सुधारात्मक प्रक्रिया को तेज किया है। कार्यान्वयन में अवरोध को कम करने के उद्देश्य से रेलवे, हवाई अड्डों, सड़कों, बंदरगाहों, जन परिवहन, जलमार्ग और लॉजिस्टिक्स से संबंधित अवसंरचना के सात क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं को गतिशक्ति पोर्टल के साथ जोड़ा गया है।

इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इस बजट ने पूंजीगत व्यय को 35.4 प्रतिशत बढ़ाकर 7.5 लाख करोड़ रुपये कर दिया। इस राशि में से 1 लाख करोड़ रुपये को 50 साल के ब्याज मुक्त ऋण के रूप में राज्यों को उनके पूंजीगत निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिए जाने के लिए अलग रखा गया है।

इन सबके पीछे की रणनीति इन प्रमुख क्षेत्रों में निजी कॉरपोरेट निवेश को प्रेरित करने के उद्देश्य से बढ़े हुए सार्वजनिक निवेश का उपयोग करना और इस तरह उपभोग संबंधी मांग को प्रोत्साहित करना एवं अर्थव्यवस्था में पर्याप्त संख्या में रोजगार पैदा करना है। वित्त मंत्री के अनुसार, अकेले पीएलआई योजना अगले पांच वर्षों में 60 लाख नई नौकरियां पैदा करेगी।

***डिजिटल सुविधा की तेज गति***

वित्त मंत्री ने अपने भाषण में कहा कि प्रस्तावित बदलाव, नई विकसित डिजिटल सुविधाओं का लाभ उठाएगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन निसंदेह महामारी से पहले और इसके दौरान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के अपने बेहतर अनुभव से प्रभावित है:- मार्च 2020 तक लक्षित अंतरण से 1.70 ट्रिलियन रुपये की बचत हुई। डिजिटल इकोसिस्टम का लाभ उठाया गया, जिनमें 1 बिलियन से अधिक मोबाइल फोन, 600-800 मिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ता और गरीबों के 430 मिलियन जन धन खाते शामिल है।

वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन की शीघ्र ही शुरुआत की जाएगी। आधार नंबर की डिजिटल सुविधा का उपयोग करते हुए किफायती सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जो लोग विशिष्ट डिजिटल स्वास्थ्य-आईडी का चयन करेंगे, उन्हें अपने चिकित्सा इतिहास को एक से दूसरे चिकित्सा संस्थान में ले जाने की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे उपयोगकर्ता का अनुभव बेहतर होगा; कम से कम बाहरी मरीज, टेली-मेडिसिन और चिकित्सा कर्मियों की स्वास्थ्य रजिस्ट्री में सूचीबद्ध सत्यापित विशेषज्ञों से आसानी से परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। डिजिटल सुविधा का महत्वपूर्ण लाभ यह भी है कि इससे मध्यस्थता की प्रक्रिया तेजी से समाप्त होती है। जिस तरह से एटीएम ने बैंक जाने की आवश्यकता को लगभग खत्म कर दिया उसी तरह नई डिजिटल सुविधा बिचौलियों की भूमिका को समाप्त कर देगी।

सैद्धान्तिक रूप से, केन्द्रीय बजट 2022-23 भारत को अधिकार प्राप्त पात्रता के स्थान पर सशक्तिकरण के शासनकाल में बदलाने का प्रस्ताव देता है। पहले के शासनकाल में कोई भी वास्तविक अर्थ में गरीबी को दूर करने की बात नहीं करता था, हालांकि इस कार्य के लिए बड़ी मात्रा में धनराशि उपलब्ध कराई जाती थी। इस कार्यशैली के बदले एक ऐसे इकोसिस्टम को अपनाया जाएगा जो सशक्तिकरण का आधार बनेगा। संक्षेप में, गरीबों को सहायता देने के बदले उन्हें गरीबी से बाहर निकलने के लिए स्वयं प्रयास करने को लेकर सशक्त बनाया जाएगा, जिससे इस अभिशाप से मुक्ति की निरंतर लड़ाई की शुरुआत होगी। वास्तव में, यह जीत की स्थिति होगी।

**अनिल पद्मनाभन एक वरिष्ठ पत्रकार हैं जो @capitalcalculus से ट्वीट करते हैं।**


---

# बेलगाम डिजिटल जंग से बिगड़ता माहौल

शंभूनाथ शुक्ल, वरिष्ठ पत्रकार

आजाद भारत के चुनावों में पहली बार ऐसा प्रचार-युद्ध हो रहा है, जब पक्ष हो या विपक्ष, कोई भी अपने प्रतिद्वंद्वी पर हमला करते वक्त युद्ध के दौरान बरती जाने वाली नैतिकता का भी ख्याल नहीं रख रहा। पहले भी चुनाव के दौरान एक-दूसरे की पोल खोली जाती थी, वैचारिक हमले भी होते थे, लेकिन समाज के अंदर की समरसता को नष्ट करने की चेष्टा कभी नहीं की गई। शायद इसलिए भी कि तब प्रतिद्वंद्वी सामने होता था और लोकलाज व लिहाज की चेतना भी हर एक में रहती थी, लेकिन जब राजनीतिक विरोधी सामने न हो और उसके विरुद्ध प्रचार आवश्यक हो, तब कैसा लिहाज और संकोच! यही हो रहा है इस बार चुनाव प्रचार में। हर पार्टी ने प्रचार के लिए डिजिटल माध्यम का सहारा लिया। नतीजा यह कि चुनाव प्रचार के दौरान जैसी सामुदायिक शत्रुता इस डिजिटल प्रचार से हुई, वैसी पहले कभी नहीं हुई। समाज के बीच भी परस्पर वैमनस्य फैला। क्या इसके बाद परस्पर विरोधी प्रचार में जुटे लोग आमने-सामने बैठ पाएंगे?

हमारे पौराणिक आख्यानों जैसे महाभारत में राजनीति की व्यावहारिक व्याख्या है। जब कुरुक्षेत्र का समर सज गया और कौरव व पांडवों की सेनाएं युद्ध को आतुर थीं, तब अर्जुन अपने सामने युद्ध को तत्पर अपने ही बंधु-बांधवों को देखकर विह्वल हो उठते हैं। कृष्ण तब अर्जुन को समझाते हैं कि युद्ध क्यों आवश्यक है। कृष्ण उनके अंदर 'किलिंग इंस्टिंक्ट' पैदा करते हैं। लेकिन इस 'किलिंग इंस्टिंक्ट' का उद्देश्य शत्रुता का भाव उत्पन्न करना था, नैतिकता व लोकलाज की अनदेखी करना नहीं। पर आज क्या हो रहा है? डिजिटल मीडिया के जरिये लोगों के बीच परस्पर सौहार्द को नष्ट करने की कोशिश हो रही है। आज तो 'किलिंग इंस्टिंक्ट' के लिए ऐसा जहर घोला जा रहा है, जो योद्धाओं के बीच भले दोस्ताना हो, किंतु उनके समर्थकों के बीच ऐसी खाई पैदा कर गया है, जिसे भरना मुश्किल है। डिजिटल प्रचार, डिजिटल रैलियां और सोशल मीडिया के फर्जी योद्धा जिस तरह से लोगों को भड़का रहे हैं, जैसे उसका असर चुनाव के बाद दिखेगा। डिजिटल प्रचार के जरिये समुदायों को एक-दूसरे का घनघोर विरोधी बनाया जा रहा है। ताजा प्रकरण है हिजाब का। ऐसा लग रहा है, मानो



मुसलमानों के लिए हिजाब नहीं, तो कोई काम नहीं, उधर कट्टरपंथी हिंदू तत्व मानो अब मुस्लिम महिलाओं को हिजाब और नकाब से आजादी दिलाकर ही मानेंगे।

एक बात और, चूंकि डिजिटल मीडिया में अधिकतर वे लोग हैं, जो बेरोजगार हैं, जो हताशा के इस माहौल में अपना गुस्सा निकालने को आतुर हैं। जब से फेसबुक और ट्विटर की शुरुआत हुई है, तब से चुनाव के समय इनका इस्तेमाल भी हुआ है, लेकिन इस बार उसका चरम रूप सामने आया है। 2019 का एक अत्यंत दिलचस्प वाकया मुझे याद है। एक पूर्व केंद्रीय मंत्री की पोती की शादी थी। उसमें कई राजनेता जुटे थे। एक वरिष्ठ पत्रकार ने शर्त लगाई कि यदि भाजपा जीत गई, तो वह मूंछ मुड़वा देंगे। संयोग यह कि तीन महीने बाद लोकसभा में भाजपा बड़ी जीत के साथ आई। मैंने उनको शर्त की याद दिलाई, तो बोले, चुनाव के पहले की शर्त चुनावी वायदे जैसी होती है। पर जो युवा ऐसी भावनाओं में बह रहे हैं, चुनाव बाद अपनी शत्रुता खत्म कर देंगे? शायद नहीं, और यह शत्रुता आगे भी उनके दिमाग में पोषित होती रहेगी।

ऐसी नफरत सामाजिक रिश्तों को बिगाड़ती है। राजनेता इस पर अंकुश लगाने का भी कोई प्रयत्न नहीं करते, क्योंकि यह उनके लिए हथियार भी होता है। पर लोगों को सोशल मीडिया पर भड़काकर अपना हित साध लेना एक ऐसा हथियार है, जो दोधारी है। भले वह आज आपके लिए उपयोगी हो, लेकिन आगे चलकर कष्टकारी होगी। इसलिए सरकार को सोचना होगा कि कैसे भविष्य में प्रचार को यूं डिजिटल न बनने दे और अगर किसी वजह से बनाना भी पड़े, तो कोई ऐसी नियामक संस्था हो, जो सोशल मीडिया पर लगाम लगाए। प्रिंट सदैव एक दस्तावेज होता है। उसमें प्रकाशित सामग्री को डिलीट नहीं कर सकते। वह वर्षों तक बना रहता है, पर टीवी मीडिया कोई भी सूचना एयर करने के बाद भूल जाता है और डिजिटल मीडिया तो ब्लिंक करता है, उसमें स्थायित्व कहां! कोई नियामक संस्था ही नफरती सामग्री को लगाम लगा सकेगी, ताकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर समाज को विखंडित न किया जा सके।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

---

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...



माता-पिता के चरणों में
झुक जाओगे न जाने
कितने पाप धूल जाएंगे,
हो जाओगे शुद्ध पावन
उनके स्पर्श से तुम
नवनिधियां पा जाओंगे।

-अंजली जैन
7024460938

**स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे**

**9827806026, 7869620239**




























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़







## खास खबर

### विद्यालय में अमर शहीद जवानों की याद में ब्लैक डे मनाया गया

**कवर्धा।** 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के रूप में मनाया जाता है परन्तु इसी दिन सन 2019 में आतंकवादियों के पुलवामा बम ब्लास्ट में हमारे देश ने 44 वीर जवानों की प्राणों की आहुति दी थी उनके कुर्बानी के आगे आज भी पूरा देश नतमस्तक है परन्तु पाश्चात्य संस्कृति के हावी होने से आज की युवा पीढ़ी धीरे धीरे उनके बलिदान को भूलने लगी है। पाश्चात्य सँस्कृति को हतोत्साहित कर छात्र छात्राओं के मन मस्तिष्क में देश प्रेम का संस्कार पैदा करने ग्राम के युवा दीपक गंधर्व, यूनेश कौशिक एवं रमन कौशिक के सक्रिय सहयोग से आज 14 फरवरी को विद्यालय में अमर शहीद जवानों की याद में ब्लैक डे मनाया गया जिसमें शहीदों के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चारभाठा चौकी प्रभारी नवरत्न कश्यप जी एवं उनके साथी प्रधान आरक्षक धुर्वे जी उपस्थित थे। कश्यप जी खुद भी पुलिस विभाग के माध्यम से देश सेवा में जुटे हुए हैं उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्रों को जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन का पाठ पढ़ाया और बताया कि हम बिना अनुशासन के अपने लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर सकते ।

### हवा की दिशा आज से दक्षिण पूर्व होने की संभावना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आज मौसम शुष्क रहा, वहीं मंगलवार को भी शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि हवा की दिशा कल से संभवत: दक्षिण पूर्व होने की संभावना है जिससे न्यूनतम और अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि हवा का दिशा सोमवार को पूर्वी हो चुकी है, वहीं कल से दिशा दक्षिण पूर्व होने की सम्भावना है। इसके कारण प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से गरम हवा आने की संभावना है। गर्म हवा आने से प्रदेश में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। अधिकतम और न्युनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि 15 फरवरी को भी प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा है तथा कुछ स्थानों पर आंशिक रूप से बादल छाये रह सकते है।

## कोसा उत्पादन में कोरिया अग्रणी जिलों में शामिल, 19 लाख से अधिक नग कोसे का हुआ उत्पादन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**चाम्पा से लेकर पश्चिम बंगाल तक की जा रही है कोसा की आपूर्ति**

**महिला समूहों को मिल रहा है रोजगार**

**रायपुर।** कोसा उत्पादन में देश में प्रमुख स्थान रखने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के पारम्परिक मनमोहक रेशमी कपडों ने राज्य को विशिष्ट पहचान दिलाई है। राज्य में कोसा उत्पादन के मामले में कोरिया जिला भी अग्रणी जिलों में शामिल हो गया है। यहां उत्पादित कोसा फल राज्य के चाम्पा जांजगीर जिले के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के कोसा कपड़े उत्पादक जिलों में आपूर्ति की जा रही है। जिले में कोसा फलों के उत्पादन में बड़ी संख्या में महिला स्व-सहायता समूह जुड़ी हुई है। वर्तमान में इस कार्य से 15 समूहों में 215 महिलाओं को रोजगार मिल रहा है।



रेशम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में वर्ष 2021-22 में अब तक 19 लाख 17 हजार 344 कोसा उत्पादित किया गया है। बीते वर्ष यहां 14 लाख 89 हजार 581 नग कोसे का उत्पादन हुआ। पिछले बार की तुलना में इस बार उत्पादन में 4 लाख 27 हज़ार 763 नग कोसा उत्पादन की बढ़ोतरी हुई है। यहां कोसा की तीन प्रजातियों के कीड़ा पालने का कार्य किया जाता है जिसमे शहतूत (मलबरी) कृमिपालन, टसर (डाबा) कीटपालन एवं नैसर्गिक रैली कोसा कीट पालन शामिल है।

अधिकारियों ने बताया कि जिले में 15 उत्पादन केंद्रों में 127 हेक्टेयर भूमि पर 3 लाख 74 हजार पौधों में कोसा कीट पालन किया जा रहा है। यहां उत्पादित कोसा फलों का विक्रय खपत के साथ-साथ पश्चिम बंगाल में भी किया जा रहा है। इस वर्ष 16 लाख 91 हज़ार 641 रुपये की कीमत के 13 लाख 36 हज़ार 829 नग कोसा पश्चिम बंगाल और चाम्पा को विक्रय किया गया है। बैकुंठपुर विकासखण्ड के जामपारा कोसा उत्पादन केंद्र में रेशम महिला स्वसहायता समूह की 70 महिलाओं द्वारा रेशम उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। महिलाओं ने अब तक 3 लाख रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। समूह की महिला श्रीमति अन्नपूर्णा सिंह ने बताया कि समूह के द्वारा 1 लाख 20 हजार टसर एवं 20 किलो रेशम धागे का उत्पादन किया गया है। उन्होंने बताया कि रेशम उत्पादन के लिए 25 महिलाओं को एक सप्ताह के प्रशिक्षण के लिए रेशम विभाग की ओर से जांजगीर चाम्पा जिले भेजा गया। विधिवत प्रशिक्षण उपरांत समूह ने रेशम उत्पादन का कार्य शुरू किया। समूह की श्रीमती अन्नपूर्णा ने बताया कि रेशम उत्पादन के लिए हमे रेशम विभाग की तरफ से 12 रुपए प्रति थैली अंडे मिलते है, जिसमें 200-300 अंडे होते हैं। इन अंडों को अर्जुन एवं साल वृक्ष के पत्तों पर छोड़ दिया जाता है, जिनमे 2-3 दिनों में रेशम के कीड़े निकल आते है और 40 से 45 दिनों में ये कीड़े कोकून का निर्माण करते है। कोकून निर्माण के समय उचित देखभाल की आवश्यकता होती है। समय-समय पर दवाइयों का भी छिड़काव किया जाता है। कोकून से रेशम निकालने के लिए स्पिनिंग मशीन, बुनियार मशीन का उपयोग किया जाता है।

## विकास के लिए आवश्यक है पानी का प्रबंधन: मंत्री चौबे

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने सोमवार को जल संसाधन विभाग में नव नियुक्त सहायक अभियंताओं को बेहतर काम के लिए प्रेरित किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे, जल संसाधन विभाग के रायपुर ट्रेनिंग सेंटर में नवनियुक्त सहायक अभियंताओं के आधारभूत प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने नव नियुक्त अभियंताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आने वाले समय में जल संसाधन विभाग की जिम्मेदारी आप के कंधों पर हैं और आप सभी कुछ ऐसा काम करें की आने वाली पीढियां आपको याद करे।



**विकास के लिए आवश्यक है पानी का प्रबंधनः**

जल संसाधन मंत्री श्री चौबे ने कहा कि पानी विकास की आधारभूत आवश्यकता है इस विकास की जिम्मेदारी आप जैसे अभियंताओं के कंधों पर है। नवनियुक्त सहायक अभियंताओं को संबोधित करते हुए श्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि आपको बदलती हुयी तकनीक के अनुसार खुद को भी हर दिन अपडेट करते रहना होगा ताकि आपकी क्षमताओं में विस्तार होता रहे। इस प्रशिक्षण सत्र में नवनियुक्त 44 सहायक अभियंताओं एवं 6 सहायक भू-जलविदों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 15 दिनों तक चलने वाला आधारभूत प्रशिक्षण सत्र 14 फरवरी से प्रारंभ होकर 4 मार्च 2022 तक चलेगा।

इस प्रशिक्षण में कार्यालयीन व्यवस्था, स्थापना, लेखा, प्रशासनिक सेटअप, प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारों एवं तकनीकी विषयों यथा डिजाइन, ड्राइंग, प्राक्कलन, सीएसआर, स्पेसिफिकेशन, गुणवत्ता परीक्षण आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा कार्यस्थल का भ्रमण कराने का कार्यक्रम भी निर्धारित है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जल संसाधन विभाग के सचिव श्री अन्बलगन पी. ने की। उन्होंने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा है कि अभियंताओं को खुद में समय के साथ बदलाव करते रहना होगा ताकि वो आगे जाकर बड़ी जिम्मेदारी उठाने के लिए तैयार रहें इस मौके पर विभाग के मुख्य अभियंता श्री इंद्र कुमार उइके, महानदी परियोजना के प्रमुख अभियंता श्री आरके नगरिया समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## ग्राम पंचायतों में लगाए जा रहे आयुष्मान शिविर

श्रीकंचनपथ न्यूज

सुकमा। जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर ग्रामीणों का आयुष्मान पंजीयन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज ग्राम पंचायत नागलगुण्डा एवं इन्जरम में आयुष्मान शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य कार्ड बनवाने हेतु ग्रामीणों का पंजीयन किया गया।

आयुष्मान कार्ड के जरिए अब ग्रामीण डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना सहित अन्य स्वास्थ्यगत योजनाओं के अंतर्गत पंजीकृत शासकीय या निजी अस्पतालों में पात्रतानुसार नि:शुल्क उपचार की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

''आपके द्वार आयुष्मान अभियान'' आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत पात्र समस्त हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड जिला अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा कॉमन च्वाईस सेंटर में नि:शुल्क बनाया जा रहा है। जिन ग्रामीणों ने अब तक आयुष्मान कार्ड नहीं बनाए हैं, वे नजदीकी च्वाईस सेंटर या स्वास्थ्य केन्द्र या शिविर के माध्यम से अपने परिवार के समस्त सदस्यों का पंजीयन अवश्य करवाएं।

## मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने लिमदरहा मिडवे एवं मुरनार गोठान का किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गोठानों को ग्रामीण औद्योगिक पार्क बनाने दिये सुझाव**

कोण्डागांव। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार प्रदीप शर्मा द्वारा कोण्डागांव जिले के अंतर्गत आने वाले गोठानो के उन्नयन एवं उनके विकास के लिए कार्ययोजना तैयार करने तथा स्व-सहायता समुहों को रोजगार उपलब्ध करने के उद्देश्य से निरीक्षण किया।

इस दौरान वे सर्वप्रथम लिमदरहा मिडवे रिसॉर्ट का निरीक्षण करने पंहुचे जहां उन्होने राष्ट्रीय राजमार्ग पर सैलानियों एवं यात्रियों के रूकने के लिए बनाई गई उत्तम व्यवस्थाओं के प्रशंसा की तथा इसके माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार के प्राप्त होने वाले अवसरों पर चर्चा की।



इसके पश्चात वे केशकाल विकासखण्ड में ग्राम मुरनार में बने आदर्श गोठान पंहुचे। जहां उन्होने ग्रामीण स्व-सहायता समुह महिलाओं के द्वारा मुर्गी पालन, सुकर पालन, गौ पालन, सब्जी उत्पादन, नरवा प्रबंधन कार्यो का निरीक्षण करते हुए महिलाओं से कार्यो के सबंध में चर्चा की। जहां महिलाओं द्वारा डेयरी के लग जाने से निरतंर आय प्राप्त होने तथा एनएच-30 पर दुकान के खुल जाने से अतिरिक्त आय के माध्यम से गोठान संचालन की जानकारी दी। इस दौरान श्री शर्मा ने समुह की महिलाओं को ग्रामीण औद्यौगिक पार्क के लग जाने से होने वाले लाभो के सबंध में जानकारी देते हुए अधिकारियों को सभी गोठानो को छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित कर समुहों की महिलाओं को इसके माध्यम से विभिन्न नवाचारी उद्यमों से जोड़ने को कहा।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीइओ प्रेम प्रकाश शर्मा, डीएफओ बीएस ठाकुर, उत्तम गुप्ता, सहायक परियोजना अधिकारी त्रिलोकी अवस्थी, एसडीओ सचिन मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं समुह की महिलायें उपस्थित रहें।

## जल जीवन मिशन के कार्यों में लाएं तेजी : सुब्रत साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने अंबिकापुर जिले के ग्राम भिट्ठीकला, सुखरी एवं कालापारा में जल जीवन मिशन के तहत घर-घर तक पहुंचाए जा रहे नल जल के कार्यों का निरीक्षण किया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाकर ग्रामीणों के घरों तक नल जल की सुविधा देने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए।

अपर मुख्य सचिव ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से बात की और



नल जल की सुविधा का लाभ लेने के साथ उसकी देखभाल की जिम्मेदारी लेने की समझाईश दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायतों में ग्रामसभा आयोजित करायें जिसमें नल जल के सदुपयोग और उसके देख-भाल के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि घर के सामने लगाए जा रहे टेप नल की सुरक्षा की सामूहिक जिम्मेदारी ग्रामीणों को दें।

ग्राम कालापारा में नल जल के निरीक्षण के दौरान एसीएस ने सरपंच श्रीमती बिलॉसो मरकाम से बातचीत की और नल जल के बारे में लोगों को जागरुक करने कहा ताकि लोग इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ ले सकें। उन्होंने कालापारा में नवनिर्मित पानी टंकी तथा क्लोरीनीकरण कक्ष का भी अवलोकन किया।






















## खास खबर

### स्कूल शिक्षा विभाग में स्थानांतरण के लिए अब ऑनलाईन आवेदन अनिवार्य

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत सभी स्थानांतरण अब एनआईसी द्वारा निर्मित वेबसाईट के माध्यम से होंगे। स्वैच्छिक स्थानांतरण चाहने वाले व्यक्तियों को ऑनलाईन आवेदन करना होगा। इसके बाद यदि वे चाहें तो इस आवेदन को प्रिंट करके कागज पर भी प्रेषित कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन नहीं किए जाने की स्थिति में केवल कागज पर किए गए आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा आज इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि प्रशासनिक स्थानांतरण की एण्ट्री संचालनालय लोकशिक्षण द्वारा एनआईसी की वेबसाईट पर की जाएगी तथा उससे निकाले गए प्रिंट को ही फाईल पर लगाकर प्रेषित किया जाएगा। बिना वेबसाईट में एण्ट्री किए कोई प्रशासनिक स्थानांतरण भी नहीं किया जाएगा। स्थानांतरण आदेश भी एनआईसी के वेबसाईट के माध्यम से ही जारी होंगे। संबंधित कर्मचारियों के कार्य मुक्ति और नए स्थान पर ज्वाईनिंग भी एनआईसी की वेबसाईट के माध्यम से ही की जाएगी।

### अनुसूचित क्षेत्रों में शिक्षक भर्ती के लिए स्थानीय निवासी की अनिवार्यता खत्म

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के अनुसूचित क्षेत्रों बस्तर और सरगुजा संभाग के सभी जिले, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही व कोरबा में सहायक शिक्षक भर्ती के लिए स्थानीय निवासी की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। भर्ती नियम शिथिल करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव को राज्यपाल अनुसुईया उइके ने मंजूरी दे दी है। इससे इन क्षेत्रों के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में राज्य के दूसरे जिलों के युवाओं की भी सहायक शिक्षक के पद पर भर्ती का रास्ता खुल गया है।

अधिकारियों के अनुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल शैक्षणिक गुणवत्ता की दृष्टि से सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इसके लिए अंग्रेजी माध्यम का शिक्षक होना अनिवार्य है। इन अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए जारी नियमों में अभ्यर्थी को संबंधित जिले का निवासी होने की शर्त को अनिवार्य किया गया था। लेकिन बस्तर व सरगुजा संभाग के जिलों के साथ कोरबा व गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में शिक्षित पात्र उम्मीदवारों की कमी को देखते हुए सरकार ने सहायक शिक्षक के पदों की भर्ती के लिए स्थानीय निवासी होने की शर्त को शिथिल करने का प्रस्ताव राजभवन को दिया था, जो मंजूर कर लिया गया है।

चिकित्सा शिक्षा के अंतर्गत शासकीय मेडिकल कालेज के अस्पतालों में सेवाएं दे रहीं 362 स्टाफ नर्सों को पदोन्नात किया गया है। इनकी पदोन्नात नर्सिंग सिस्टर के पद पर हुई है। बता दें कि विगत आठ वर्षों से स्टाफ नर्सों द्वारा पदोन्नाति की मांग की जा रही थी। मांग पूरा होने से स्टाफ नर्सों में खुशी की लहर है। वहीं, छत्तीसगढ़ राज्य स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने भी शासन की सराहना करते हुए कदम को बेहतर बताया है।

### ओपन स्कूल की मुख्य परीक्षा के साथ-साथ ही होंगी प्रायोगिक परीक्षाएं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल 10वीं-12वीं की मुख्य परीक्षा 2021-22 के लिए समय सारिणी जारी हो गई है। ओपन स्कूल की मुख्य परीक्षा के साथ-साथ ही प्रायोगिक परीक्षाएं भी ली जाएंगी। 12वीं की परीक्षा एक अप्रैल से दो मई तक होगी। 10वीं की परीक्षा चार अप्रैल से प्रारंभ होकर 30 अप्रैल तक आयोजित होगी। परीक्षा का निर्धारित समय प्रातः 8.30 बजे से 11.45 बजे है। 12वीं बोर्ड की परीक्षा 1 अप्रैल से शुरू होकर 2 मई तक चलेगी। इस दौरान सैद्धांतिक परीक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक परीक्षा भी ली जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के सचिव प्रोफेसर वीके गोयल ने छात्र-छात्राओं से कहा है कि वे परीक्षा से संबंधित समय-सारणी की जानकारी से समीपस्थ अध्ययन केंद्र से संपर्क कर प्राप्त कर सकते है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की वेबसाइट पर भी उपलब्ध समय-सारिणी को डाउनलोड कर सकते हैं। यह परीक्षा हायर सेकेंडरी और हाईस्कूल के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम अनुसार होगी। परीक्षाकाल में शासन द्वारा यदि कोई अवकाश अथवा स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है तो भी परीक्षाएं यथावत कार्यक्रम अनुसार होगी।

---

गोबर से विद्युत उत्पादन के लिए गौठानों में संयंत्र लगाने 5 उद्यमियों ने किया है एमओयू

# गौठानों के उत्पादों के मार्केटिंग की बेहतर व्यवस्था करें: मंत्री रविन्द्र चौबे

गोधन न्याय मिशन की बैठक में आयमूलक गतिविधियों की विस्तार को लेकर हुई गहन चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राज्य के गौठानों में गोबर से विद्युत उत्पादन प्रोजेक्ट लगाने के लिए अब तक 5 युवा उद्यमियों ने एमओयू किया है। उद्यमियों द्वारा गौठानों में इसके लिए 10-10 करोड़ रूपए का निवेश प्रस्तावित है। विद्युत उत्पादन के लिए गौठानों में क्रय किए जाने वाले गोबर का उपयोग उद्यमियों द्वारा प्राथमिकता से किया जाएगा। इसके बाद निजी क्षेत्र की डेयरी फार्म के गोबर एवं शहर में एकत्र होने वाले वेस्टेज का भी उपयोग विद्युत उत्पादन के लिए किया जा सकेगा।

कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे की अध्यक्षता में नवा रायपुर स्थित महानदी मंत्रालय भवन में आयोजित गोधन न्याय मिशन की प्रथम बैठक में दी गई। मंत्री रविन्द्र चौबे ने बैठक में गोधन न्याय मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति के साथ-साथ गौठानों में आयमूलक गतिविधियों को तेजी से विस्तार देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, कृषि उत्पादन आयुक्त कमलप्रीत सिंह, गोधन न्याय मिशन के प्रबंध संचालक डॉ. एस. भारतीदासन, संचालक कृषि यशवंत कुमार, संचालक उद्यानिकी माथेश्वरी व्ही. सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गौठानों में आयमूलक गतिविधियों के विस्तार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा है। उन्होंने कहा कि गौठानों को ग्रामीणों के आजीविका के केन्द्र के रूप में विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने गौठानों में उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट सहित अन्य उत्पादों के मार्केटिंग एवं विक्रय की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। किसान गौठानों से सीधे वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट खाद का उठाव कर सके, इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक नियम निर्देश तैयार करने की भी बात कही।

मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने कहा कि गौठानों के रूरल इंडस्ट्रियल पार्क से इच्छुक युवा उद्यमियों को जोड़ा जाना चाहिए, ताकि ग्रामीण उद्योग को बढ़ावा मिले और युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सके। उन्होंने उपयुक्त गौठानों का चयन कर वहां युवा उद्यमियों को उद्योग स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराए जाने की बात कही।

बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने गोधन न्याय मिशन के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव, लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक को सदस्य के रूप में शामिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय मिशन के तहत राज्य स्तर पर यह स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया जाना चाहिए कि किस सामग्री का कितना प्रोडक्शन गौठानों के माध्यम से किया जाना है, ताकि मार्केटिंग एवं विक्रय का प्रबंध किया जा सके।

बैठक के प्रारंभ में गोधन न्याय मिशन के प्रबंध संचालक डॉ. एस. भारतीदासन ने गोधन न्याय मिशन के उद्देश्य और प्रशासनिक व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि मिशन के काम को गति देने के लिए 11.56 करोड़ रूपए का वार्षिक बजट प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने बताया कि मिशन के काम-काज की मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन के लिए कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, ग्रामोद्योग सहित अन्य विभागों से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी जाएगी। मार्केटिंग, डाटा मैनेजमेंट सहित अन्य कार्यो के लिए नियमानुसार अधिकारियों-कर्मचारियों पूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य में अब तक 10,591 गौठान से स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें से 8,048 गौठान निर्मित एवं संचालित हैं। गौठानों में गोबर विक्रय हेतु 2.87 लाख ग्रामीण पशुपालक पंजीकृत हैं, जिसमें से 2.04 लाख गोबर विक्रय कर लाभान्वित हो रहें हैं। गौठानों में 62.60 लाख क्विंटल गोबर क्रय के एवज में 125.22 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। 2549 गौठान स्वावलंबी हो गये हैं। गौठानों से 11,477 महिला समूह जुड़े हैं। महिला समूहों को अब तक 51.53 लाख रूपए की आय विविध गतिविधियों से हुई है। गौठान समितियों को 46.44 करोड़ रूपए का भुगतान तथा स्व-सहायता समूहों को 30.34 करोड़ रूपए की लाभांश राशि का भुगतान किया गया है। गौठानों में 868 प्रसंस्करण इकाई स्थापित की जा चुकी है। गौठानों में 15.30 लाख क्विंटल कम्पोस्ट का उत्पादन तथा 9.41 लाख क्विंटल का विक्रय किया गया है।

बैठक में जानकारी दी गई कि गौठानों की गतिविधियों की मॉनिटरिंग के लिए जी-मैप-एप्प तैयार किया गया है। 4043 गौठानों मल्टीएक्टिविटी संचालित है, जिसके अंतर्गत कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र सहित प्रसंस्कृत उत्पाद, यूटीलिटी प्रोडक्ट्स, हस्तशिल्प, विशिष्ट एवं अन्य उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। बैठक में कार्बन क्रेडिट परियोजना, पैरादान एवं चारा उत्पादन के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि ग्रामीण औद्योगिक पार्क की स्थापना के निर्देश सभी जिलों को दिए गए हैं। गौठानों में 152 तेल मिल, 173 दाल मिल, 105 ऑटा मिल, 973 मिनी राईस मिल तथा 144 अन्य मिलों सहित कुल 1547 इकाईयों की स्थापना की कार्ययोजना पर अमल शुरू कर दिया गया है। अब तक 868 प्रसंस्करण इकाईयां स्थापित की जा चुकी हैं।

---

# रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट पर कोरोना जांच बंद, 500 स्वास्थ्य कर्मियों की सेवा समाप्त



**रायपुर (ए)।** राजधानी के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, एयरपोर्ट समेत सभी अस्थाई कोरोना जांच केंद्र बंद कर दिए गए हैं। वहीं राज्य आपदा मोचन निधि के अंतर्गत नियुक्त चिकित्सक, नर्सिंग कर्मी समेत अन्य 500 से अधिक चिकित्सा कर्मियों की सेवाएं समाप्त करने का आदेश भी विभाग ने जारी कर दिया है। इधर प्रदेश में पांच हजार से अधिक कर्मियों की सेवाएं भी समाप्त की गई है।

### कोरोना संक्रमण कम होने पर सैंपलों की संख्या कम

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक कोरोना संक्रमण कम होने की वजह से सैंपलों की संख्या भी कम हो रही है। सभी अस्थाई कोविड केयर सेंटर बंद हो चुके हैं। ऐसे में कोरोनाकाल में आपदा प्रबंधन के अंतर्गत कार्य के लिए अस्थाई नियुक्तियां की गई थी, उनकी सेवाएं समाप्त की जा रही है। इधर सोमवार को प्रदेशभर में कोरोना के 571 केस सामने आए हैं। वहीं पांच लोगों की मौत हुई है। प्रदेश में 32 हजार सैंपल जांच में पाजिटिविटी दर 1.73 फीसद रहा। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार रायपुर में 55, दुर्ग में 57, राजनांदगांव में 30, कोरबा में 32, बिलासपुर में 27, मुंगेली में 24 समेत अन्य जिलों में कोरोना संक्रमित मिले हैं। राज्य में एक दिन में 2081 मरीज स्वस्थ हुए। वहीं 6394 कोरोना के सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है।

### 78 फीसद को दोनों डोज

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक आयु के 100 फीसद लोगों को पहला टीका लगाया जा चुका है। वहीं 78 फीसद को दोनो टीके लगाए गए हैं। 15 से 18 आयु के किशोरों की बात करें तो लक्षित आबादी में 65 फीसद को पहला व 30 फीसद को दोनों टीके लगाए गए हैं। वहीं 28 फीसद लक्षित आबादी को बूस्टर डोज लगाई जा चुकी है। प्रदेश में अब तक तीन करोड़ 67 लाखा 52 हजार से अधिक टीकाकरण हो चुके हैं।

---

आदिवासी कला-संस्कृति के प्रदर्शन के साथ ट्रांसजेंन्डर्स का रैम्प वॉक

# समाज कल्याण विभाग ने ट्रांसजेंडर्स को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने किया अनूठा आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** तृतीय लिंग के व्यक्तियों (ट्रांसजेंडर्स) के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने और जागरूकता लाने नक्सल प्रभावित वनांचल बस्तर संभाग में अनूठा फैशन शो आयोजित किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा चेतना फाउंडेशन के सहयोग से जगदलपुर के आर्ट गैलरी में शनिवार शाम आयोजित इस कार्यक्रम में कांकेर, कोण्डागांव और बस्तर के 32 ट्रांसजेंडर्स शामिल हुए। उन्होंने बस्तर की संस्कृति, परिधान और आभूषणों को प्रदर्शित करते हुए उत्साह से रैम्प वॉक किया। इस अवसर पर ट्रांसजेंडर्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। आयोजन ने समाज से कटे रहने वाले किन्नर समाज को लोगो से घुलने-मिलने और समावेशित होने का अच्छा अवसर प्रदान किया।

जिला प्रशासन की ओर से रैम्प वॉक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः तीन, दो और एक हजार रूपए के साथ कई वॉउचर्स दिए गए। इस दौरान तृतीय लिंग के व्यक्तियों को पहचान पत्र का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में महापौर, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, अन्य जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। बस्तर किन्नर समाज की अध्यक्ष रजनी यादव ने कहा कि किन्नर समाज को बढ़ते देखकर उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। पहले किन्नरों को हीन भावना से देखा जाता था। धीरे-धीरे किन्नरों को बराबरी का दर्जा प्राप्त हो रहा है। फैशन शो और सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से किन्नर समाज बहुत खुश और उत्साहित है। समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक सुश्री वैशाली मरड़वार ने बताया कि तृतीय लिंग के व्यक्तियों को खुद को समाज का हिस्सा समझना जरूरी है। समाज का हिस्सा बनाने के लिए उन्हें एक बड़ा प्लेटफॉर्म देना जरूरी था, इसलिए विभाग ने उनके लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों में किन्नर समाज को लेकर जागरूकता आएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के लिए कलागुड़ी का उद्घाटन किया था। यहां ढोकरा, बेल मेटल, टेराकोटा, काष्ठ के विभिन्न शिल्प को प्रदर्शित किया गया है। फैशन शो में ट्रांसजेंडर्स ने कलागुड़ी के आभूषणों और परिधानों के माध्यम से आदिवासी कला और संस्कृति को बढ़ाने का काम भी किया है।

---

# स्कूलों में होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम और बचाव के लिए आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** स्कूलों में होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम और बचाव के लिए प्रदेश के सभी प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों में आपदा प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्कूल सुरक्षा पर शिक्षा महाविद्यालय रायपुर में पांच दिवसीय कार्यशाला सह-प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। दो चरणों में आयोजित हो रहे इस प्रशिक्षण में स्कूलों में व्यक्तिगत सुरक्षा के साथ-साथ स्कूलों की सुरक्षा के मद्देनजर समस्याओं को चिन्हांकन कर उनके निराकरण के लिए 14 से 18 फरवरी तक प्रथम चरण में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण के दौरान प्रदेश के सभी विकासखंडों से दो-दो स्रोत व्यक्तियों को आपदा प्रबंधन एवं समस्याओं का चिन्हांकन कर उसके निराकरण की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षणार्थियों को स्कूल सुरक्षा के साथ ही व्यक्तिगत सुरक्षा के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर द्वारा यूनिसेफ छत्तीसगढ़ और अर्पण एनजीओ छत्तीसगढ़ के सहयोग से किया जा रहा है।

एससीईआरटी के अतिरिक्त संचालक डॉ. योगेश शिवहरे ने कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्कूल की सुरक्षा आज एक अहम् मुद्दा है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा इस पर कार्य करने के लिए पहल की जा रही है। प्रशिक्षण में उपस्थित विकासखंड से आए स्रोत व्यक्ति को अपने क्षेत्र में इस कार्य को नेतृत्व करना है। आपके क्षेत्र में स्कूल सुरक्षा का जो कार्य होगा वह काफी महत्वपूर्ण है।

यूनिसेफ के राज्य प्रमुख जॉब जकारिया ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि आपदा प्रबंधन एवं समस्याओं का चिन्हांकन कर निराकरण के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। अर्पण फाउंडेशन की सुश्री सोनाली महेश्वरी ने कहा कि बाल सुरक्षा अधिनियम को अनिवार्य रूप से स्कूलों में लागू करते हुए यह ध्यान दिया जाए कि इसे समुचित क्रियान्वयन में किस प्रकार से सहयोग दिया जा सकता है। प्रशिक्षण में विचार-विमर्श किया जाए कि स्कूल सुरक्षा के लिए क्या उपाय अपनाए जा सकते हैं। शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा स्कूल सुरक्षा से संबंधित घटनाओं का उदाहरण देते हुए आपदा प्रबंधन की आवश्यकता को समझाया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. विद्यावती चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर एससीईआरटी के सहायक प्राध्यापक एके सारस्वत, राज्य साक्षरता मिशन सहायक संचालक प्रशांत पांडेय, यूनिसेफ के शिक्षा विशेषज्ञ सुश्री छाया कुंवर, विशाल, प्राचार्य बीएड कॉलेज रायपुर जे. एक्का और प्रशिक्षण प्रभारी सुनील मिश्रा भी उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान





















# ऐसी आदतें बिगाड़ देती हैं दांतों की सेहत पायरिया और सड़न की बढ़ सकती है समस्या



जाने-अनजाने रोजाना हम कुछ ऐसी चीजें करते रहते हैं जिनका दांतों की सेहत पर गंभीर असर देखा जा सकता है। इस तरह की आदतें दांतों में सड़न, कमजोरी और पायरिया जैसी समस्याओं के जोखिम को बढ़ा देते हैं। कई शोध में इस बात पर भी जोर दिया गया है कि ओरल हेल्थ प्राब्लम, विशेषकर मसूड़े की बीमारी से शरीर में अन्य समस्याएं हो सकती हैं, जिसमें हृदय रोग का खतरा बढ़ जाता है। यही कारण है कि सभी लोगों को अपनी दांतों को स्वस्थ रखने के लगातार उपाय करते रहने चाहिए। आइए जानते हैं कि आपकी कौन सी आदतें दांतों की सेहत को नुकसान पहुंचा सकती हैं?

## रात के समय ब्रश न करने की आदत

ओरल हाइजीन को बनाए रखने, विशेषकर दांतों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सभी लोगों को दिन में कम से कम दो बार ब्रश करने की सलाह दी जाती है। हम सुबह उठने के बाद तो ब्रश कर लेते हैं लेकिन रात में सोने से पहले ब्रश करने को नजरअंदाज कर देते हैं। यह आदत दांतों की सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकती है। असल में रात में भोजन के बाद दांतों में इसके कुछ अवशेष छिपे रह जाते हैं जोकि रातभर में सड़ने लगते हैं और दांतों में सड़न का कारण बन सकते हैं। इससे बचने के लिए रात में ब्रश जरूर करें।

शरीर के बेहतर स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए दांतों की सेहत का ख्याल रखना आवश्यक माना जाता है। दांत भोजन को चबाने में मदद करते हैं, जिससे उनका पाचन आसानी से हो पाता है। इसके अलावा स्वस्थ और सफेद दांत आपके आत्मविश्वास को बढ़ावा देने में भी मदद करते हैं। हालांकि हम में से ज्यादार लोग दांतों की सेहत को लेकर ज्यादा गंभीर नहीं देखे जाते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए ओरल हेल्थ का ध्यान रखना आवश्यक माना जाता है। इसमें दांत, जीभ और मसूड़ों की साफ-सफाई और उनका ख्याल रखना भी जरूरी है।

## जीभ की अच्छे से सफाई न करना

दांतों को सेहतमंद रखने के लिए सिर्फ दांत ही नहीं, जीभ को भी साफ रखना जरूरी होता है। जीभ को साफ न करने से इसपर प्लाक बन सकता है। इससे न केवल मुंह से दुर्गंध आती है, बल्कि मौखिक स्वास्थ्य से संबंधित कई अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं। इसलिए हर बार जब आप अपने दांतों पर ब्रश करें तो जीभ को भी जरूर साफ करें।

## पानी कम पीना

कम पानी पीने की आदत के कई नुकसान हो सकते हैं, यह दांतों की सेहत के लिए भी हानिकारक मानी जाती है। पानी पीने से शरीर में हाइड्रेशन बना रहता है साथ ही पानी के साथ खाद्य पदार्थों का चिपचिपा और अम्लीय अवशेष दांतों से हट जाता है। पानी कम पीने से शरीर में अम्लीयता बढ़ जाती है जिसके कारण मसूड़ों और दांतों पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। इसलिए दिन में कम से कम 3-4 लीटर पानी पीना सुनिश्चित करें।

## मीठी और एसिडिक चीजों का ज्यादा सेवन

मीठी और एसिडिक चीजों का ज्यादा सेवन करने वाले लोगों के दांत अक्सर जल्दी खराब हो जाते हैं। असल में शुगर वाली चीजें मुंह में एसिड में बदल जाती है, जो आपके दांतों के इनेमल को नुकसान पहुंचा सकती हैं। एसिड के कारण कैविटी की भी समस्या बढ़ जाती है। अम्लीय फल, चाय और कॉफी भी दांतों के इनेमल को खराब कर सकते हैं। हालांकि जरूरी नहीं कि आपको ऐसे खाद्य पदार्थों से पूरी तरह परहेज करना पड़े, लेकिन इनका कम से कम मात्रा में सेवन सुनिश्चित करें।

# सिरदर्द से रहते हैं परेशान? हर बार दवाइयों की जरूरत नहीं, इन घरेलू उपायों से पा सकते हैं तुरंत लाभ



स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक जिन लोगों को अक्सर सिरदर्द की समस्या बनी रहती है उन्हें दवाइयों पर निर्भरता बढ़ाने से ज्यादा वैकल्पिक उपचारों पर ध्यान देना चाहिए। सिरदर्द के लिए घरेलू और प्राकृतिक उपचारों की एक विस्तृत श्रृंखला है, जिनको आजमा कर आप तुरंत लाभ पा सकते हैं। इन उपायों को पालन में लाना भविष्य में सिरदर्द को रोकने में भी मदद कर सकते हैं। आइए ऐसे ही कुछ प्रभावी घरेलू उपायों के बारे में जानते हैं जो सिरदर्द को दूर करने में आपकी मदद कर सकते हैं।

सिरदर्द एक बहुत ही आम समस्या है, जिससे आप भी परेशान हुए होंगे। यह कई कारणों, जैसे तनाव, सिर पर दबाव बढ़ने, शरीर में ऑक्सीजन का स्तर कम होने जैसे कारकों के कारण हो सकता है। ओवर-द-काउंटर दर्द निवारक दवाओं के सेवन से आमतौर पर सिरदर्द आसानी से ठीक हो जाता है, पर अगर यह समस्या आपको लगातार बनी रहती है तो इस बारे में सावधान हो जाने की आवश्यकता है। ऐसी स्थिति में रोजाना दर्द निवारक दवाइयों का सेवन करना आपके लिए अलग तरह की मुश्किलें खड़ी कर सकता है। इसलिए सिरदर्द के कारण को समझते हुए इसका सही उपचार किया जाना आवश्यक माना जाता है।

## मैग्नीशियम के सेवन से मिलता है लाभ

सिरदर्द की समस्या से राहत पाने के लिए मैग्नीशियम वाली चीजों का सेवन करना मददगार हो सकता है। मैग्नीशियम, शरीर में अनगिनत कार्यों के लिए आवश्यक एक महत्वपूर्ण खनिज है, जिसमें रक्त शर्करा को नियंत्रित करने से लेकर और तंत्रिका तंत्र को आराम देने तक के लाभ शामिल हैं। साक्ष्य बताते हैं कि जिन लोगों को बार-बार माइग्रेन का सिरदर्द होता है, ऐसे लोगों को मैग्नीशियम का सेवन अधिक करने की सलाह दी जाती है। केला, नट्स, काजू, मूंगफली आदि में मैग्नीशियम की मात्रा अधिक होती है।

## तेल मालिश से मिलता है लाभ

सिरदर्द को आसानी से दूर करने के लिए मालिश करना सबसे आसान और प्रभावी तरीका माना जाता है। इसके लिए आप कई तरह के तेलों को प्रयोग में ला सकते हैं। सिरदर्द होने पर पेपिरमिंट और लैवेंडर के तेल से मसाज करना लाभदायक माना जाता है। मालिश करने से रक्त का संचार बढ़ता है जोकि सिरदर्द के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है। मसाज के बाद अंधेरे कमरे में सो जाएं।


## अदरक वाली चाय

सिरदर्द को तुरंत दूर करने वाले तरीकों में अदरक वाली चाय को सबसे ज्यादा प्रयोग में लाया जाता रहा है। अदरक वाली चाय सामान्य सिरदर्द के साथ माइग्रेन में भी मदद करती है। साल 2013 के एक अध्ययन में पाया गया कि अदरक पाउडर, माइग्रेन को कम करने में सामान्य दर्द निवारक दवा के समान प्रभावी हो सकता है। कुछ अन्य हर्बल टी के सेवन को भी इसमें लाभदायक माना जाता है।

## कैफीन भी है फायदेमंद

कॉफी, चाय जैसे कैफीन युक्त पेय पीने से भी सिरदर्द को तुरंत कम करने में मदद मिल सकती है। सिरदर्द के लिए बनाई गई कुछ दर्द निवारक दवाओं में भी कैफीन को शामिल किया जाता है। एक समीक्षा अध्ययन के अनुसार, कैफीन तनाव, सिरदर्द या माइग्रेन के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकती है। कैफीन रक्त वाहिकाओं को आराम देती है, जो परिसंचरण को सुधारती हैं तनाव को कम कर सकती हैं। पर ज्यादा कैफीन के सेवन से बचना चाहिए।

# आलिया भट्ट ने शेयर की संजय दत्त के साथ अपनी इक्वेशन बोलीं- वो हमेशा मुझसे कहते हैं कि मैं उन्हें चाचू बुलाया करू



बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के प्रमोशन्स में बिजी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने फिल्म से जुड़ी बातें कीं और संजय दत्त, शाहरुख खान, अजय देवगन के साथ काम करने का अपना एक्सपीरियंस भी शेयर किया। साथ ही आलिया ने कहा कि सेट पर संजय दत्त उन्हें चाचू बुलाने को कहते थे। बता दें आलिया 'डियर जिंदगी' और 'सड़क 2' में शाहरुख और संजय के साथ काम करने के बाद अपनी इस फिल्म में अजय के साथ नजर आने वाली हैं।

## आलिया ने की संजय दत्त की तारीफ

संजय दत्त के बारे में बात करते हुए आलिया ने कहा, संजू अंकल अलग हैं। वो मेरे पापा के साथ अपने रिश्ते के कारण मुझे हमेशा एक बच्चे की तरह मानते हैं। सेट पर वो चाहते थे कि मैं उनको चाचू बुलाउं। वो बहुत अलग हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके और पापा के रिश्ते बहुत अच्छे हैं। वो हमेशा कहते हैं कि मुझे चाचू बुलाओ। वो ऐसे ही हैं।

## आलिया ने शेयर किया अजय देवगन के साथ अपने काम का एक्सपीरियंस

आलिया ने अजय देवगन के बारे में बात करते हुए कहा, मुझे उनके साथ स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने का मौका तो नहीं मिला, लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि मैं उनकी दोस्त बन सकती हूं। वो कभी भी मेरे साथ जूनियर की तरह व्यवहार नहीं करते हैं। वो बहुत ही नॉर्मल बिहेव करते हैं। मुझसे सवाल पूछते हैं और मेरी बातें सुनते भी हैं। सेट पर भी हम बात किया करते थे।

## आलिया ने की शाहरुख खान के बारे में बात

आलिया ने शाहरुख के साथ काम करने के एक्सपीरियंस के बारे में बात करते हुए कहा, वो बहुत अलग हैं। भले हम ऑन सेट ज्यादा समय नहीं बिता सके, लेकिन हमें फिल्म के प्रमोशन्स के दौरान काफी वक्त बिताने का मौका मिला। शाहरुख ऐसे व्यक्ति हैं, जिनके साथ मैं बहुत कंफर्टेबल फील करती हूं। मैं कह सकती हूं कि वो मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। मैंने उनके साथ बहुत समय बिताया है।

## हिंदी के साथ-साथ तेलुगू में भी होगी यह फिल्म रिलीज

संजय लीला भंसाली द्वारा डायरेक्टेड फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में आलिया के अलावा फिल्म में अजय देवगन, शांतनु माहेश्वरी, विजय राज, सीमा पहवा भी अहम किरदार में हैं। फिल्म में अजय देवगन, हुमा कुरैशी और इमरान हाशमी का कैमियो रोल है। यह फिल्म 25 फरवरी को रिलीज होगी। इसे हिंदी के अलावा तेलुगू में भी रिलीज किया जाएगा।

# जानलेवा हो सकती है हृदय गति की असामान्यता जानिए इसके कारण और बचाव के असरदार तरीके



पिछले एक दशक में वैश्विक स्तर पर हृदय रोग के मामलों में तेज उछाल देखने को मिला है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कई कारकों को इसके लिए जिम्मेदार मानते हैं, जिसमें जीवनशैली और आहार की गड़बड़ी सबसे प्रमुख है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर गौर करें तो हृदय रोग वैश्विक स्तर पर मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। हृदय के स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए हमें हार्ट रेट पर विशेष ध्यान देने की आश्यकता है। हृदय गति वह पैमाना है जिसके आधार पर यह मापा जाता है कि एक मिनट के भीतर हमारा दिल कितनी बार धड़कता है? 60-100 बार की धड़कन को सामान्य माना जाता है। इसमें कमी या अधिकता गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की ओर संकेत हो सकता है।

हार्वर्ड स्कूल ऑफ मेडिसिन के अनुसार, आराम करते समय हमारा हार्ट रेट कितना रहता है, यह भी स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को परिभाषित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मार्कर माना जाता है। आमतौर पर रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने जैसे कारकों के चलते यह प्रभावित हो सकता है। इस बारे में सभी लोगों को विशेष सावधान रहना चाहिए।

## सामान्य हृदय गति क्या है?

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक उम्र और स्वास्थ्य स्थितियों के आधार पर सामान्य हृदय गति में अंतर हो सकता है। आराम की अवस्था में वयस्कों का दिल सामान्यतौर पर एक मिनट में 60 से 100 धड़कता है। 59 से नीचे को लो हार्ट रेट माना जाता है। वहीं आराम करते समय हृदय गति का 100 से अधिक होना हृदय रोग के जोखिम का संकेतक हो सकता है। यही कारण है कि सभी लोगों को अपनी हृदय गति पर ध्यान रखना चाहिए।

## हृदय गति बढ़ने के क्या कारण हो सकते हैं ?

हृदय रोग विशेषज्ञों के मुताबिक हार्ट रेट का बढ़ना या कम होना दोनों खतरनाक हैं। प्रति मिनट 100 से अधिक बार दिल का धड़कना अगर लगातार जारी है तो इसे कई गंभीर समस्याओं का संकेत माना जा सकता है। इस बारे में विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।

- संक्रमण या बुखार के कारण।
- कार्डियोमायोपैथी जैसे हृदय रोग।
- शरीर में पोटेशियम की कमी
- खून की कमी
- थायरॉयड ग्रंथि का अतिसक्रिय होना।
- दमा या सांस की समस्या।

## क्या कहते हैं हृदय रोग विशेषज्ञ?

वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ नरेश भार्गव बताते हैं, कोरोना के इस दौर में हृदय की सेहत पर नकारात्मक असर पड़ा है। डेल्टा जैसे वैरिएंट से संक्रमण के बाद हृदय गति बढ़ने और इसके कारण हृदय या फेफड़ों के ऊतकों में सूजन की समस्या अधिक देखने को मिल रही है। इसके कारण दिल का दौरा पड़ने, स्ट्रोक जैसे गंभीर जानलेवा समस्याओं का जोखिम भी कई गुना बढ़ गया है। हृदय गति पर ध्यान रखें और इसे नियंत्रित रखने के प्रयास करते रहने चाहिए।

## हृदय गति को कैसे नियंत्रित रखें?

डॉ नरेश बताते हैं, हृदय गति को सामान्य बनाए रखने के लिए जीवनशैली को स्वस्थ रखना बहुत आवश्यक है। इन 4 चीजों को ध्यान में रखकर हृदय गति को नियंत्रित में रखने के साथ कई तरह की हृदय संबंधी बीमारियों के जोखिम को कम कर सकते हैं।

- नियमित व्यायाम करें।
- तनाव कम लें और इसे प्रतिबंधित करने के उपाय करें।
- तंबाकू उत्पादों से परहेज करें।
- वजन को नियंत्रित रखें, इसे बढ़ने से रोकने के उपाय करें।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रु. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

लिजना स्पोर्ट्स वियर
हमारे यहां सुपरपोली, कसरा, ड्राईफिट, एन.एस लावकरा आदि कपड़ों के लोवर, चड्डा, बनाये जाते है, एवं स्पोर्ट्स की टी-शर्ट होलसेल रेट में बनाए जाते हैं
संबंधित संस्थान
New J.P. Sports
Shop No. E-20, Circular Market, Camp-2, Bhilai
Mo. Lovely: 9993338252, 9300878988

श्रीराम कलेक्शन
बच्चों के आकर्षक रेडिमेड वस्त्रों के विक्रेता
जवाहर मार्केट केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई
789805563, 9827178585

श्री सांई जींस कॉर्नर
ओम सांई कलेक्शन
■ मेन्स वेयर ■ किड्स वेयर
■ लेडिस वेयर ■ वेडिंग कलेक्शन
9827115003, 9806303000
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

रामजाने स्वादिष्ट चाट भंडार
शादी एवं पार्टी में ऑर्डर लिया जाता है
संपर्क करें : 8871247959

नाकोड़ा साड़ी सेंटर
एक्सक्लूसिव साड़ी शोरुम
फैंसी साड़ी, वैवाहिक साड़ियां डिजाईनर साड़ियां एवं सलवार सूट, लांचा
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

## खास खबर

### जिले में छात्रावास-आश्रमों के संचालन की मिली अनुमति

**कोरबा।** कोविड संक्रमण के मद्देनजर बंद किए गए जिले के आश्रम -छात्रावास अब पुनः संचालित होंगे। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी आवासीय संस्थाएं यथा छात्रावास, आश्रम, एकलव्य, प्रयास आवासीय विद्यालयों को कक्षा आठवीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए संचालन की अनुमति दे दी हैं। वर्तमान में जिले में कोविड-19 संक्रमण की दर कम होने एवं 15 से 18 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण जारी रहने को ध्यान में रखते हुए आश्रम- छात्रावासों को संचालन की अनुमति दी गई हैं। आश्रम-छात्रावासों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए संचालित किए जाएंगे। केवल कक्षा 8 वीं के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास निगरानी समिति, ग्राम पंचायत एवं पालकों की सहमति के आधार पर छात्रावास-आश्रमों का संचालन किया जा सकेगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती माया वारियर ने बताया कि सभी छात्रावास-आश्रमों में विद्यार्थी के प्रवेश के पूर्व साफ-सफाई कराने के निर्देश दे दिये गये है। उन्होंने बताया है कि छात्रावास, आश्रमों, आवासीय विद्यालयों के प्रत्येक कक्षों को पूर्ण रूप से सेनिटाईज करने के उपरांत रहने के लिए उपयोग में लाया जाएगा।

### राजिम माघी पुन्नी मेला से संबंधित सम्पूर्ण तैयारी आज शाम तक पूर्ण करें - कलेक्टर

**गरियाबंद।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में माघ पूर्णिमा 16 फरवरी से आयोजित होने वाले 15 दिवसीय राजिम माघी पुन्नी मेला की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की।उन्होंने कहा कि मेले से संबंधित सभी व्यवस्थाएं मंगलवार की शाम 5 बजे तक सुनिश्चित किया जाए।कलेक्टर ने इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।बैठक में जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव,अपर कलेक्टर जे.आर चौरसिया मौजूद थे। समीक्षा के दौरान मुख्य मंच के समीप एक वृहद डोम में प्रतिदिन विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा व सम्बंधित विभागीय हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

# नरतोरा और सिंघी में पानी टंकी निर्माण के साथ होगा पाइपलाइन का विस्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**संसदीय सचिव ने जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन**

महासमुंद। ग्राम पंचायत नरतोरा और सिंघी में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी के साथ पाइपलाइन का विस्तार किया जाएगा। आज सोमवार को संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की मौजूदगी में विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया।



सोमवार को ग्राम पंचायत नरतोरा और सिंघी में पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के सदस्य मोहित ध्रुव, सरपंच संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर, स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष दाउलाल चंद्राकर, जिपं सदस्य सीमा देवानंद निर्मलकर, सुशीला टंडन, सीटू सलूजा, लमकेश्वर साहू, सोनू राज, आलोक नायक, कमलेश चंद्राकर, मयाराम टंडन, राजू दीवान, विवेक पटेल, देवानंद निर्मलकर, आवेज खान मौजूद थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि चंद्राकर ने पूजा-अर्चना कर पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण के लिए भूमिपूजन किया। ग्राम नरतोरा में तीन लाख की लागत से विधायक निधि से सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भी भूमिपूजन किया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार कार्यका में क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। जनभावनाओं के अनुरूप क्षेत्र में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, सड़क, बिजली सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि कुछ महीने में पानी टंकी का निर्माण होने के साथ ही पाइपलाइन का विस्तार हो जाएगा। इससे ग्रामीणों के घरों तक साफ पानी की सप्लाई हो सकेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को किसान हितैषी बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने राज्य के किसानों को हर संभव मदद दी है।

# जिले के पोषण पुनर्वास केन्द्रों में 547 गंभीर कुपोषित बच्चों का हुआ ईलाज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के लिए जिले में स्थापित पोषण पुनर्वास केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। एनआरसी में बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए सुपोषित भोजन, पौष्टिक आहार एवं बच्चों की माताओं को सुपोषण से संबंधित जरूरी प्रशिक्षण भी दिया जा रहा हैं। जिले में स्थापित 5 एनआरसी केन्द्रों में 547 बच्चों का ईलाज हो चुका हैं। एनआरसी में दिये जा रहे पौष्टिक आहार एवं चिकित्सकीय उपचार के कारण गंभीर कुपोषित बच्चे तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं। जिले में गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर इन बच्चों का नजदीकी एनआरसी में रखकर देखभाल किया जा रहा हैं। वर्तमान में 51 बच्चे एनआरसी में भर्ती होकर कुपोषण से मुक्त हो रहे हैं। एनआरसी में बच्चों की वर्तमान कुपोषण की स्थिति को ध्यान में रखते हुए पोषण और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। एनआरसी में बच्चों की माताओं को बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए खानपान और देखभाल से संबंधित ट्रेनिंग भी दी जाती हैं।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा रणनीति तैयार कर गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण स्तर के सामान्य श्रेणी में लाने के लिए बच्चों को एनआरसी लाया जा रहा हैं। एनआरसी में बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने देख रेख के साथ पोषण आहार भी दिया जा रहा हैं। पोषण पुनर्वास केंद्र में 5 वर्ष से कम उम्र के व गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को पोषण एवं चिकित्सकीय सुविधा दी जाती है। कुपोषित बच्चों को एनआरसी में रखकर विशेष पोषण आधारित चिकित्सकीय उपचार और खानपान दिया जाता हैं। एनआरसी से डिस्चार्ज के उपरांत बच्चों का फालोअप भी लिया जाता है।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण एवं पशु मेला का आयोजन 16 एवं 17 को

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** नेशनल लाईव स्टॉक मिशन (एन.एल.एम.) योजनान्तर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण एवं पशु मेला का आयोजन 16 एवं 17 फरवरी 2022 को महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम सिरपुर में किया जा रहा है। पशु चिकित्सा सेवाएं के उप संचालक डॉ. डी.डी. झारिया ने बताया कि 16 फरवरी सुबह 11.00 बजे से पशु पालकों को पैरा यूरिया उपचार, अजोला प्रदर्शन, साइलेज, हे निर्माण एवं कम लागत में दुधारू पशु, बकरी एवं मुर्गी पालन, कृत्रिम गर्भाधान, पशुओं की बीमारी एवं टीकाकरण के संबंध में प्रशिक्षण दिया जावेगा। 17 फरवरी को मेले में उन्नत नस्ल के पशु-पक्षियों की प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महासमुंद जिले के समस्त विकासखण्डों के कृषक एवं पशुपालक भाग ले सकेंगे।

इस आयोजन में दुधारू गौवंशीय पशु, बछिया-गिर, साहीवाल, जर्सीक्रॉस, एचएफ क्रॉस, बैलजोड़ी- अंगोल, थारपारकर, दुधारू भैंस वंशीय, पड़िया-मुर्रा, ग्रेडेड मुर्रा, नागपुरी, सांड, बकरी वर्ग के पशु शामिल किये जायेंगे। जिले के कृषक/पशुपालक उपरोक्त नस्लों के उत्कृष्ट पशुओं के साथ प्रतियोगिता प्रदर्शनी में भाग ले सकेंगे। इसके अलावा अन्य कृषक/पशुपालक भी पशु मेला प्रदर्शनी का अवलोकन कर पशुपालन के आधुनिक तकनीक से अवगत होकर लाभ ले सकेंगे।

# गेरसा-केरजू मार्ग का हुआ शिलान्यास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अम्बिकापुर। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत भगत ने सोमवार को मैनपाट के शैला रिसोर्ट में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अध्यक्षता लोक निर्माण विभाग के मंत्री ताम्रध्वज साहू ने की जो वर्चुअल माध्यम से जुड़े हुए थे।**




कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने लोक निर्माण विभाग के द्वारा 4283.55 लाख रुपये की लागत से बनाये जा रहे प्रतापगढ़ गेरसा केरजु मार्ग का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। सड़क की लंबाई पुलिया सहित 39.40 किमी होगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मंत्री श्री भाग्य ने कहा कि आने वाले दिनों में मैनपाट में सड़कों का जाल बिछेगा जिससे मैनपाट आने जाने में काफी सुविधा होगी।

इसके साथ ही मैनपाट में हवाई सेवा भी शुरू की जाएगी जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैनपाट खूबसूरत स्थल होने के साथ ही सुविधा सम्पन्न भी होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री गुरप्रीत सिंह बाबरा, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के सदस्य अटल बिहारी यादव, तिलक बेहरा गणेश सोनी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

### भूपेश सरकार से औद्योगिक विकास की शिक्षा ले केंद्र सरकार

# छत्तीसगढ़ सरकार बदल रही राज्य का औद्योगिक स्वरूप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जहां एक और देश में मोदी सरकार की विफलताओं के कारण लाखों उद्योग धंधे बंद हो गए खुद केंद्र सरकार सरकारी उपक्रमो को बेच रही है ,वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार की दूरदर्शी एवं कुशल प्रबंधन तथा फ्रेंडली उद्योग नीति के कारण 1715 नए उद्योग अस्तित्व में आए हैं।**

प्रदेश में 19500 करोड रुपए से अधिक का निवेश उद्यमियों द्वारा किया गया है। पिछले 3 सालों में जिसमें से 2 साल वैश्विक महामारी के थे।

उसमें भी औद्योगिक नीतियों के सरलीकरण और प्रोत्साहन के कारण छत्तीसगढ़ ने औद्योगिक निवेश को आकर्षित किया है। राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए खनिज संसाधन, कृषि संसाधन, वानिकी संसाधन औरमानव संसाधन का उपयोग बेहतर एवं प्रबंधित ढंग से किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार द्वारा उद्योग विभाग में एकल खिड़की प्रणाली से 56 ऑनलाइन सेवाएं दी जा रही है साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आवंटन के नियमों को सरल किया गया है। भूपेश सरकार की इन्हीं उद्योग हितैषी नीतियों के कारण पिछले 3 वर्षों में है 1715 नए उद्योग स्थापित तो हुए ही हैं साथ ही 149 अनुबंध भी किए जा चुके हैं। बायोएथेनॉल प्लांट लगाने के लिए भी 18 निवेशकों ने लगभग 3300 करोड़ के निवेश का एमओयू किया है। राज्य में आर्थिक गतिविधियों के साथ रोजगार बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। पर्यटन के द्वारा भी लोगों को रोजगार और स्वावलंबी बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में 21000 करोड रुपए से अधिक लागत के सड़कों के निर्माण की कार्य योजना तैयार है जिसमें विभिन्न स्तरों पर काम चल रहा है। प्रदेश में सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए केलो परियोजना, खारंग परियोजना,मनिहारी परियोजना, अरपा भैंसाझार परियोजना जैसी परियोजनाओं को इस वर्ष पूर्ण करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। प्रदेश के 110 विकास खंडों में फूड पार्क की स्थापना की जा रही है जिसके लिए भूमि भी चिन्हांकित की जा चुकी है। छत्तीसगढ़ के खानपान को प्रोत्साहित करने और महिलाओं को रोजगार देने के लिए 16 जिलों में गढ़ कलेवा स्थापित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार आस्था स्थलों के विकास की रणनीति अपना रही है।इस रणनीति से नए स्थानों पर अधोसंरचना का विकास होता है और इस विकास में जो सामग्रियां लगती है उससे स्थानीय स्तर पर उद्योग, व्यापार और रोजगार पैदा होते हैं। अब तक लगे उद्योगों से लगभग 35000 लोगों को रोजगार मिल चुका है साथ ही 90000 और लोगों को रोजगार मिलने वाला है।

परंपरागत कौशल को नवीन ज्ञान से संवारने के लिए लोगों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है एवं प्रत्येक जिला मुख्यालय और विकासखंड स्तर पर मुख्यमंत्री श्रमिक संसाधन केंद्र स्थापित किए जाने की योजना है। छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के तहत 5 वर्ष में 15 लाख रोजगार के सृजन का लक्ष्य रखा गया है।

# एनीमिया की रोकथाम के लिए जीवनचक्र आधारित रणनीति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** एनीमिया एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या हैं, जो व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक क्षमता को विपरीत रूप से प्रभावित करती है। इसमें हमारे खून में हीमोग्लोबिन की कमी हो जाती है। हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं में पाये जाने वाले ऐसा तत्व है, जो ऑक्सीजन को शरीर के विभिन्न भागों तक पहुंचाता है। एनीमिया के कई कारण हैं, इनमें से प्रमुख है, आयरन की कमी। तेज विकास और आहार में अपर्याप्त आयरन के कारण 6 माह से 60 माह के बच्चे, शारीरिक विकास और मासिक धर्म के कारण किशोरियां तथा आयरन की बढ़ी हुई आवश्यकता के कारण गर्भवती महिलाएं सबसे अधिक खतरे में होती है।


एनीमिया के संकेत मुख्य रूप से नाखून, जीभ, हथेली, और आँखों में लालिमा की कमी को माना जाता है तथा एनीमिया के लक्षण जैसे- सांस फूलना, थकावट, घबराहट, चक्कर आना, ध्यान में कमी, बार-बार बीमार पड़ना आदी है। आयु अनुसार शारीरिक वृद्धि न होना या रूक जाना, माहवारी का देर से शुरू होना, कम वजन के बच्चे का जन्म तथा मातृ व शिशु मृत्यु एनीमिया के दीर्घकालीन प्रभाव है। 6 माह से 60 माह के बच्चों को आई.एफए. सिरप सप्ताह में दो बार (मंगलवार एवं शुक्रवार), मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की निगरानी में प्रदान करना चाहिए। वर्ष में दो बार, 6 महीने के अंतराल पर नेशनल डिवर्मिंग डे के अंतर्गत, कृमि संक्रमण की रोकथाम हेतु, अल्बेण्डाजोल की आधी गोली (1 से 2 वर्ष के बच्चों को) व पूरी गोली (2 से 10 वर्ष के बच्चों को) खिलाना चाहिए। अनुदान प्राप्त शालाओं में शिक्षक छात्र-छात्राओं को प्रत्येक मंगलवार को आई.एफए. की नीली गोली (100 मिलीग्राम एलेमेंटल आयरन एवं 500 माइक्रोग्राम फोलिक एसिड) पानी के साथ और दस से उन्नीस वर्ष से की शाला त्यागी किशोरियों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा आई.एफए. की गोली सप्ताह में एक दिन (शनिवार) पानी के साथ खिलाना चाहिए।

### कॉलेजों में प्राइवेट छात्रों के लिए सीट बढ़ाने एनएसयूआई ने दिया ज्ञापन

**जगदलपुर।** विगत कुछ दिनों से परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अनियमित छात्रों को फॉर्म भरते समय सीट फूल होने की समस्या का सामना करना पड़ रहा था जिसके कारण कई छात्र छात्राएं फॉर्म भरने से वंचित रह गए हैं। अतः छात्र हितों का ध्यान रखते हुए प्रदेश समन्वयक धवल जैन के नेतृत्व में एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन से एग्जाम पोर्टल को पुनः प्रारंभ करने तथा अनियश्रीमती छात्रों के लिए सीट संख्या बढ़ाने की मांग की साथ ही यह सुझाव दिया की यदि वर्तमान सेंटरों में अनियमित छात्रों के लिए सीट बढ़ना संभव नहीं है तो छात्रों हेतु नए परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था की जय साथ ही 3 दिनों के अंदर छात्र हित के लिए कोई सार्थक कदम नही उठाने पर चरणबद्ध आंदोलन के लिए चेतावनी दी।






































## खास-खबर

### एटीएम से पैसा निकालकर निकले इंजीनियर से लूटे पांच हजार रुपये

**रायपुर (ए)।** राजधानी के पुरानी बस्ती क्षेत्र में लूटेरों ने सिविल इंजीनियर को अपना निशाना बनाया। एटीएम मशीन से पैसे निकालकर जैसे ही बाहर निकला दो लुटेरे पैसा और मोबाइल दोनों लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में ले लिया। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान की जा रही।

रावतपुरा कालोनी फेस-02 में निवासी सिविल इंजीनियर प्रियांश मूर्ति से लूट की वारदात हुई। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात दोस्त को छोड़ने के बाद तकरीबन दो बजे वह कुशालपुर अंडर ब्रिज के सामने एटीएम में पैसे निकालने गया था। एटीएम से पांच हजार रुपये निकाल कर चौक तरफ जा रहा था। पैसे के गिन रहा था और मोबाइल को कान में दबा कर दोस्त से बात कर रहा था। तभी दो अज्ञात लूटेरे बाइक में आए और पैसे और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों चंगोराभाठा तरफ भाग गए।

### क्रेडिट कार्ड में सुविधा देने के नाम पर मैनेजर से 78 हजार की ठगी

**रायपुर (ए)।** राजधानी में ऑनलाइन ठगी की वारदात कम नहीं हो रही। लोग ठगों के झांसे में आकर पैसे गवां दे रहे। इसमें ज्यादातर पढ़े लिखे लोग फंस रहे। ताजा मामला राजेंद्र नगर थाने क्षेत्र का आया है। जहां एक कंपनी के एरिया मैनेजर को ही ठगों ने अपना निशाना बना डाला। पुलिस ने फोन धारक पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जायडस केडिला फार्मा कंपनी के एरिया मैनेजर प्रकाश सरोदे ने ऑनलाइन ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। मैनेजर ने बताया कि उनको क्रेडिट कार्ड के जरिए जनरल इंश्योरेंस इत्यादि सुविधा देने के लिए कस्टमर केयर नंबर 39020202 से बार-बार फोन आ रहा था। मना करने के बाद सुविधा को हटाने के लिए कहा तो ओटीपी नंबर मांगा। पीड़ित ने जैसे ही ओटीपी नंबर बताया तो क्रेडिट कार्ड से दो बार में 78 हजार 91 हजार 120 रुपये कट गया।

### नशीली कफ सिरप के साथ युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** इमलीपारा में नशीली कफ सिरप खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहे युवक को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से 168 प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

सोमवार की शाम सूचना मिली कि एक युवक इमलीपारा में नशीली दवा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। युवक के पास भारी मात्रा में नशीली दवा है। इस पर पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर मुखबिर के बताए हुलिए के युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम नीरज वस्त्रकार(25) निवासी कंस्ट्रक्शन कालोनी बताया। आरोपित के बैग से 168 प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपित युवक सड़क मार्ग से मध्य प्रदेश की ओर से नशीली दवा लेकर आता है। वह गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले की ओर से नशीली कफ सिरप लाकर शहर में खपाता है। पूछताछ से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस उसके साथियों की भी तलाश कर रही है। चकरभाठा पुलिस ने मस्तूरी क्षेत्र के खैरा में रहने वाले दीपक कुमार मरकाम(36) से तीन किलो गांजा और 15 प्रतिबंधित कफसिरप जब्त किया है। चकरभाठा थाना प्रभारी मनोज नायक को सूचना मिली कि एक युवक ट्रांसपोर्ट नगर के पास गांजा और नशीली कफ सिरप बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है।

# नाचने को लेकर विवाद, तीन भाइयों ने युवक को मारा चाकू, मौत

**रायपुर (ए)।** पुलिस के लाख दावों के बीच राजधानी फिर रक्तरंजित हो गई। विवाह समारोह में नाचने को लेकर हुए छोटे से एक विवाद के बाद तीन सगे भाइयों ने मिलकर एक युवक को चाकू से गोद डाला। चाकूबाजी की ये घटना सैकड़ों लोगों के सामने हुई। तीनों भाइयों ने युवक को बीच सड़क दौड़ा-दौड़ाकर चाकू मारा। गंभीर रूप से घायल हो चुके इस युवक को अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।



घटना बैजनाथपारा की है। यहां विवाह समारोह का आयोजन था। यहां नाचने के दौरान रात लगभग 10 बजे राजातालाब के इस्तखार (22 वर्ष), छोटा भाई अहमद रजा (20 वर्ष) और 17 साल के इनके एक नाबालिग भाई का विवाद ताजनगर के रहने वाले फारुक खान (22 वर्ष) से हुआ। तीनों भाई मिलकर फारुक से विवाद करने लगे। इसी विवाद के बीच अहमद रजा ने चाकू निकाल लिया। बाकी दोनों भाइयों ने फारुक को पकड़ा और रजा ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। मृतक पर चार से अधिक वार किए गए। चाकू मारने के बाद ये भागने का प्रयास कर रहे थे तभी भीड़ ने इस्तखार और उसके नाबालिग भाई को पकड़ लिया। कोतवाली पुलिस वहां पहुंची और इन्हें पकड़कर थाने लाया गया। चाकू मारने के बाद मुख्य आरोपी रजा भागकर राजातालाब अपने घर चला गया था। पुलिस ने उसे घर से उठाया। घायल युवक को अंबेडकर अस्पताल पहुंचाया गया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इनमें से अहमद रजा के विरुद्ध गोलबाजार थाने में मारपीट का एक प्रकरण पहले से दर्ज है।

### बदमाशों के चुंगल में शहर

शहर बदमाशों के चुंगल में आ गया है। यहां चाकूबाजी की घटनाएं इतनी सामान्य होती जा रही है कि पुलिस के हाथ-पैर तक फूलने लगे हैं। नाबालिग से लेकर 25 वर्ष तक के नए-नए लड़के चाकू घुमाने का काम कर रहे हैं। इनमें से ढेरों लोगों के कोई रिकार्ड नहीं हैं। यानि, पहला क्राइम चाकूबाजी की घटना से हो रहा है। पुलिस का काम केवल अपराध होने के बाद आरोपितों को पकड़ने बस तक सीमित हो गया है। लोगों की सुरक्षा भगवान भरोसे है।

### दो दिन पहले विवाह समारोह में हुई थी चाकूबाजी

दो दिन पहले की घटना है। यहां मोवा के खपराभट्ठी क्षेत्र में चल रहे एक विवाह समारोह के दौरान एक हिस्ट्रीशीटर अपने आधा दर्जन साथियों के साथ घुसा। यहां जो भी इनके सामने आया, उसे इन्होंने चाकू से मारा। यहां वर सहित आधा दर्जन लोगों को इन्होंने चाकू मारकर घायल कर दिया।

किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में घुसकर इस तरह से लोगों को मारने की रायपुर में ये पहली घटना थी। इस घटना के बाद आज देर रात बैजनाथपारा में ठीक ऐसे ही कार्यक्रम में फिर से हुई चाकूबाजी और हत्या की घटना से लोगों में भय व्याप्त हो गया है।

"विवाह समारोह में नाचने को लेकर विवाद हुआ था। रजा समेत उसके तीनों भाइयों ने मिलकर फारूख नामक युवक पर चाकू से वार किया। फारूख की अस्पताल में मौत हो गई, वहीं आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।"

**-अविनाश ठाकुर, सीएसपी कोतवाली**

### एसबीआई मैनेजर से 18 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी

# दुर्ग का बड़ा कारोबारी बनकर झांसे में लिया फिर खाते में जमा कराए थे रुपए, 4 गिरफ्तार

**भिलाई (ए)।** दुर्ग पुलिस ने बैंक मैनेजर से ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है,वहीं तीन आरोपी अब भी फरार हैं। इन आरोपियों ने बीते 24 जनवरी को एसबीआई की दुर्ग शाखा के बैंक मैनेजर से 18 लाख रुपए की धोखाधड़ी की थी।



मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी बीएन मीणा ने बताया कि 24 जनवरी को भारतीय स्टेट बैंक शाखा दुर्ग के बैंक मैनेजर को एक अंजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को शहर के वेंकटेश मोटर्स का मालिक कैलाश मध्यानी बताया। उसने बैंक मैनेजर से कहा कि उसे एक बड़े अमाउंट की एफडी कराना है और एक बैंक खाते में 18 लाख रुपए आरटीजीएस करना है। फिर उसने ये कहा कि अभी वह किसी काम में व्यस्त है। इसलिए नहीं आ पाएगा। वो अपना खाता नंबर और चेक मेल कर रहा है। उसमें पैसे ट्रांसफर कर दें। थोड़ी देर में बैंक आकर वह चेक जमा कर देगा। यही बात सुनकर मैनेजर उसके झांसे में आ गया। बैंक मैनेजर को कैलाश मध्यानी ने जो खाता नंबर बताया था उसने उस नंबर पर 18 लाख 24 हजार 780 रुपए ट्रांसफर कर दिया। थोड़ी देर बाद फिर उसी अंजान नंबर से फोन आया और कहा कि मुझे कुछ और फंड दूसरे अकाउंट में ट्रांसफर करना है। इस पर बैंक मैनेजर को शक हुआ तो उसने कैलाश मध्यानी को फोन किया। जब कैलाश मध्यानी ने बताया कि उसे न तो कोई एफडी करानी है और न ही उसने किसी को रुपए ट्रांसफर करने को बोला है। इसके बाद बैंक मैनेजर को ठगी का अहसास हुआ है। उन्होंने थाना मोहन नगर में मामले की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले को जांच में लिया और 20 दिन बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### एटीएम से रुपए निकालते ही पुलिस पहुंची फरीदाबाद

जिन दो बैंक अकाउंट मैनेजर ने रुपए ट्रांसफर किए थे। उसमें से एक Indusind bank का खाता था और परमजीत कौर के नाम पर था। वहीं दूसरा खाता ICICI bank बैंक में कांता रानी के नाम पर था। दोनों बैंक अकाउंट में कुल 18 लाख 24 हजार 780 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किया गया था। पुलिस ने उन खातों का स्टेटमेंट एवं केवाईसी लिया । उसमें पता चला कि उन अकाउंट से दूसरे बैंक खातों में तकरीबन 14 लाख रूपए ऑनलाइन ट्रांसफर किया गया है। वहीं 4 लाख रुपए हरियाणा के फरीदाबाद के अलग-अलग एटीएम से निकाले गए हैं। इस पर पुलिस की एक टीम फरीदाबाद पहुंची और मामले की पड़ताल में जुट गई।

### अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग नाम के मिले खाते

पुलिस ने जब जांच किया तो पाया कि ठगी के बाद रकम ट्रांसफर के लिये उपयोग किये गये खाते जालंधर पंजाब, दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में अलग-अलग नाम से कुछ समय पहले ही खोले गए हैं। इन्होंने कई राज्यों में इसी तरह की और भी धोखाधड़ी की है और इन्हीं खातों में लाखों रुपए ट्रांसफर कराए और लाखों रुपए दिल्ली हरियाणा के अलग अलग स्थानों के एटीएम से निकाले भी गए हैं। इन खातों और मोबाइल नंबरों की जांच के आधार पर ही पुलिस जालंधर निवासी विकास ढिंगरा तक पहुंची और पूछताछ में उसने अपने साथियों करन कपूर, राजन कपूर व अन्य के साथ अपराध करना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने विकास की निशानदेही पर तीन अन्य आरोपियों तक पहुंची, वहीं तीन आरोपी फरार होने में कामयाब हो गए।


Authorised For : SOMANY Wall & Floor Tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com


# चोरी के तीन दोपहिया के साथ तीन वाहन चोर गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** राजधानी में दो पहिया चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस चौराहों पर वाहनों की जांच कर रही है। इस दौरान चोरी की तीन दोपहिया के साथ तीन आरोपित पकड़े गए। थाना मौदहापारा पुलिस की टीम को सूचना मिली की शारदा टाकीज गली में शराब दुकान के सामने दो लड़के सस्ते दाम में स्कूटी बेचने के लिए किसी से बात कर रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो आरोपितों को पकड़ा। पूछताछ में एक ने अपना नाम अंकुर राव एवं दीपक लालवानी निवासी कुम्हारी जिला दुर्ग का निवासी बताया। पुलिस ने दोनों के पास से दोनों स्कूटी के दस्तावेज की मांग की। इसके बाद दोनों दस्तावेज नहीं दे सके। पुलिस की कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने स्कूटी चोरी करना स्वीकार किया। टिकरापारा पुलिस को 10 फरवरी को भाठागांव बस स्टैंड से स्कूटी चोरी की रिपोर्ट पीड़ित ने दर्ज कराई थी। पतासाजी के दौरान पुलिस ने रूपेश दीप उर्फ मच्छर (19) निवासी मारवाड़ी कब्रिस्तान को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की स्कूटी बरामद किया।

### गांजा के साथ आरोपी अब्दुल सकूर गिरफ्तार

नशे का कारोबार करने वालों पर रोक लगाने के लिए पुलिस मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई कर रही है। धरसींवा पुलिस ने धनेली पेट्रोल पंप के पास से गांजा बिक्री करते अब्दुल सकूर को गिरफ्तार किया।


दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर का साक्षात्कार
रोजगार सूचना सं.: ई/पीबी/आर/आरसीटी/ई-56084, दिनांक 08.02.2022.
रायपुर मंडल के रेलवे चिकित्सालयों के लिये 02 जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर की एक वर्ष के लिये संविदा के आधार पर भर्ती हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। जिसका संक्षेप में विवरण निम्नांकित है:-

| साक्षात्कार का स्थान | दिनांक एवं समय | पद | कार्य की अवधि | निर्धारित पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| मंडल रेलवे चिकित्सालय, रायपुर | 04.03.2022 10.30 बजे | संविदा चिकित्सक/ जी.डी.एम.ओ. आईआर एचएस रिक्ति के विरूद्ध | 08 घंटे प्रति दिन/ सप्ताह में 06 दिन | ₹ 75,000/- |
| हेल्थ यूनिट/चिकित्सालयःडिवीजनल अस्पताल/रायपुर, रिक्तियों की संख्या-01 हेल्थ यूनिट/भिलाई, रिक्तियों की संख्या-01 | | | | |

इस अधिसूचना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कृपया इस रेलवे की वेबसाइट www.secr.indianrailways.gov.in → Recruitment → Raipur Division में लाग ऑन करें।
पीआर/आर/सीनि.डीपीओ/आईपी/148 कृते मंडल रेल प्रबंधक(कार्मिक)/रायपुर
South East Central Railway @secrail



कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बेमेतरा (छ.ग.)
:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::
ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्य के लिए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में **श्रेणी-डी** एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।
**कार्य का विवरण :-** बेमेतरा जिले के विकासखंड बेमेतरा के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम नलजल योजनाओं के अंतर्गत UPVC pipe 6kg/10kg पाईप लाईन जोड़ने, स्वीच रूम, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, बाउण्ड्रीवॉल, क्लोरीनेटर सिस्टम, क्लोरीनटर रूम, इलेक्ट्रीसिटी कनेक्शन, सबमर्सिबल पंप, घरेलू नल कनेक्शन इत्यादि दिये गये शेड्यूल के अनुसार।

| स.क्र. | सिस्टम नंबर | निविदा सू.क्र. | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 285 | 92566 | अमलीडीह एकल ग्राम नलजल योजना | 48.99 |
| 2 | 286 | 92568 | नौरंगपुर एकल ग्राम नलजल योजना | 57.87 |
| 3 | 287 | 92569 | नेवासपुर एकल ग्राम नलजल योजना | 59.55 |
| 4 | 288 | 92570 | खपरी एकल ग्राम नलजल योजना | 61.81 |
| 5 | 289 | 92571 | मुड़पार एकल ग्राम नलजल योजना | 68.07 |
| 6 | 290 | 92572 | बाराडेरा एकल ग्राम नलजल योजना | 69.48 |
| 7 | 291 | 92573 | बटार एकल ग्राम नलजल योजना | 71.01 |
| 8 | 292 | 92574 | नवलपुर एकल ग्राम नलजल योजना | 71.70 |
| 9 | 293 | 92575 | सारंगपुर एकल ग्राम नलजल योजना | 72.36 |
| 10 | 294 | 92577 | मुंगेली एकल ग्राम नलजल योजना | 72.90 |
| 11 | 295 | 92578 | भोथीडीह एकल ग्राम नलजल योजना | 74.20 |
| 12 | 296 | 92579 | रवेली एकल ग्राम नलजल योजना | 78.19 |
| 13 | 297 | 92580 | भंवरदा एकल ग्राम नलजल योजना | 79.13 |
| 14 | 298 | 92581 | बसनी एकल ग्राम नलजल योजना | 93.57 |
| 15 | 299 | 92582 | चारभाठा एकल ग्राम नलजल योजना | 100.61 |
| 16 | 300 | 92583 | चरगवां एकल ग्राम नलजल योजना | 102.45 |
| 17 | 301 | 92584 | भनसूली एकल ग्राम नलजल योजना | 110.23 |
| 18 | 302 | 92585 | भैंसा एकल ग्राम नलजल योजना | 110.26 |
| 19 | 303 | 92586 | बेतर एकल ग्राम नलजल योजना | 115.56 |
| 21 | 304 | 92587 | बेरा एकल ग्राम नलजल योजना | 122.02 |
| 21 | 305 | 92588 | चंदनू एकल ग्राम नलजल योजना | 125.19 |

1. बिड प्रारंभ की तिथि - 18.02.2022
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 03.03.2022

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 18.02.2022 से देखे जा सकते हैं।
जी-67829/8
कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बेमेतरा ( छ.ग. )



नये लुक एवं वैरायटी में सागौन लकड़ी द्वारा निर्मित
अरिहंत फर्नीचर शो रुम | नमन सेल्स फर्नीचर शो रुम
20% डिस्काउंट के साथ उपलब्ध
● सागौन निर्मित डूरियन मॉडल , वॉल मॉडल, डी मॉडल गुजराती सोफा
● लक्जरी सोफा 9500/- से शुरु (गारंटी के साथ)
● लक्जरी पलंग हाई क्वालिटी के साथ
● स्टील आलमारी आटोमेटिक प्लांट द्वारा निर्मित, भट्टी पेट वाली
● कम्प्यूटर टेबल, ऑफिस टेबल , ड्रेसिंग टेबल कमप्यूटर चेयर ऑफिस चेयर इत्यादि की वैरायटी
आजाद मार्केट, रिसाली (भिलाई मसाला उद्योग के पीछे), भिलाई, मो. 9424151009, 9301188428

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR Mob.-9840760388 7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान हाई स्कूल के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

MemSaheb Ladies wear
JOCKEY UNDERWEAR IS OUR PASSION
JULIET
Shop No. 57, A Market, Sec-6 Bhilai
Om Prakash 9926004441, 0788-2284341

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

मिस एंड मिसेस लेडिस वेयर
● गाऊन ● ब्रा. पेन्टी ● नाईटी ● ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

न्यू अप्सरा साड़ी सेन्टर
घाघरा, चुन्नी, कुर्ती, डिजाइनर साड़ियां सलवार सूट
सेल्स गर्ल की आवश्यकता है
शॉप 151, ए-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन-2284063

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### स्व सहायता समूह द्वारा वार्ड को प्लास्टिक विहीन बनाने एवं शहर में स्वच्छता का प्रसार करते हुए बर्तन बैंक का गठन किया

**दुर्ग।** महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त हरेश मंडवी के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत डे- एनयूएलएम अंतर्गत गठन किये गए स्व सहायता समूहों द्वारा वार्ड क्रमांक 1 में पंचशील नगर से गीता महिला स्व सहायता समूह तथा वार्ड क्र 35 से स्वास्तिक महिला स्व सहायता समूह द्वारा वार्ड को प्लास्टिक विहीन बनाने एवं दुर्ग शहर में स्वच्छता का प्रसार करते हुए बर्तन बैंक का गठन किया गया। समूह द्वारा बर्तन बैंक गठन से वार्ड निवासियों को उनके घर में जन्मदिन, शादी विवाह समारोह, मृत्यु भोज तथा अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए मार्केट से कम कीमत पर बर्तन किराए पर उपलब्ध कराया जाता है जिससे लोगों को कम कीमत पर तथा अपने ही वार्ड में खाना बनाने व खाना खिलाने का सामान उपलब्ध हो सके। तथा समारोह समाप्ति उपरांत दोना-पत्तल, प्लास्टिक गिलास, प्लास्टिक कटोरी से फैलने वाली गंदगी से अपने वार्ड को स्वच्छ रखा जा सके। समूहों द्वारा मात्र 10 रुपये में 1 सेट बर्तन दिया जा रहा है जिसमे 1 थाली, 2 कटोरी, 1 गिलास, 2 चम्मच दिया जा रहा है। जिससे गंदगी फैलती है जबकि इन बर्तनों के इस्तेमाल से वॉर्डों में फैलने वाले कचरे से मुक्ति मिल सकती है।

### धानेश्वर कुमार निर्मल वरिष्ठ नागरिक सम्मान से सम्मानित

**भिलाई।** धानेश्वर कुमार निर्मल वरिष्ठ नागरिक सम्मान से सम्मानित सूर्या विहार कॉलोनी वरिष्ठ नागरिक मंच जूनवानी भिलाई के पदाधिकारियों ने विनोबा नगर जूनवानी भिलाई निवासी समाज सेवा समर्पित भावना से जीवन जीने की राह पर चलने वाले वरिष्ठ नागरिक एवं शिक्षक सेवानिवृत्त प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेक्टर 7 भिलाई धानेश्वर कुमार निर्मल को 67 वर्ष की सुखद जीवन की यात्रा पूरा करने एवं सहयोगात्मक विचारधारा के उत्कृष्ट व्यक्तित्व के लिए फूलों का गुलदस्ता भेंट करके चंदन गुलाल लगाकर सम्मानित किया गया सम्मानित करने वालों में कॉलोनी निवासी शिक्षाविद संस्कृत आचार्य नरेंद्र कुमार मजूमदार सेवानिवृत्त प्राचार्य उज्जैन मध्य प्रदेश अशोक महाजन सेवानिवृत्त सहायक डायरेक्टर सिंचाई विभाग भोपाल गंगा सिंह भदोरिया सेवानिवृत्त डाक तार विभाग सहायक प्रबंधक ग्वालियर बीरबल सिंह सेवानिवृत्त हरियाणा दयाल दास साहू सेवानिवृत्त इंजीनियर भवन अनुज्ञा विभाग नगर पालिक निगम भिलाई यदुनाथ सिंह राजपूत इंजीनियर विद्युत विभाग रायपुर सभी लोगों ने श्रीफल शॉल मोमेंटो माता कौशल्या के गोद पर श्री राम का बाल रूप छाया फोटो चित्र भेज किया गया।

### रंगो से सज रही गलियां, चौक चैराहों की दशा सुधारने महिलाएं बना रही मानव श्रृंखला

**रिसाली।** फाइव स्टार रैकिंग में पहले पायदान पर आने रिसाली निगम क्षेत्र की महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। महिलाएं स्वच्छता का अलख जगाने ड्रेस कोड में शिवाजी चैक रिसाली पहुंची और चैराहे के आस पास को गंदगी मुक्त रखने का संदेश दिया। वे मानव श्रृंखला की तर्ज पर खड़ी थी। राहगिरों को सुंदर रिसाली बनाने की अपील कर रही थी। निचली बस्ती में स्वच्छता का संदेश देने के बाद महिलाएं बाजार क्षेत्र में फोकस कर रही है। सोमवार को एकता स्वसहायता समूह, दाई के अछरा, नवा सवेरा व छत्तीसगढ़िया समूह की सद्स्य शिवाजी चैक पहुंची। बाजार क्षेत्र के ऐसे व्यवसायीक प्रतिष्ठानों में पहले पहुंची जहां डस्टबीन नहीं रखा था। महिलाओं ने पहले दुकानदार से संपर्क किया। उन्हें दुकान के सामने डस्टबीन रखने प्रेरित किया। बाद में महिलाएं शिवाजी चैक रिसाली के निकट कतार लगाकर खड़ी हो गई। वे हाथों में तख्ती लेकर लोगों से अपील कर रही है कि चैक चैराहा निगम की सुंदरता है। उसे स्वच्छ रखे। महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं क्षेत्र में पिछले एक हफ्ते से लोगों से संपर्क कर जागरूक कर रहे है। महिलाएं गली मुहल्लों में रंगोली प्रतियोगिता भी करा रहे है।

# आईईडी ब्लास्ट में हुए थे घायल, स्पर्श हॉस्पिटल में मिला नया जीवन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। स्पर्श मल्टिस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। कांकेर जिले के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र कोसरांदा में आईईडी ब्लास्ट में गंभीर रूप से घायल हुए जवानों को भिलाई के स्पर्श हॉस्पिटल में नया जीवन मिला है। जब उन्हें स्पर्श में लाया गया था तो उनकी स्थिति काफी गंभीर थी। स्पर्श की मेडिकल टीम ने अलग अलग सर्जरी कर दोनों मरीजों जान बचाई। आज वे पूरी तरह से ठीक हैं।



स्पर्श हॉस्पिटल की ओर से मिली जानकारी के अनुसार 14 जनवरी की रात को 33 बटालियन में पदस्थ एसएसबी जवान योगेन्द्र बालियान (37) एवं के शंकर (34) को हॉस्पिटल लाया गया। उक्त दोनों जवान आईईडी ब्लास्ट में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जवानों को लाए जाने की सूचना पहले से स्पर्श हॉस्पिटल को दे दी गई थी। घायल जवानों को लाने के बाद स्पर्श हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जन, प्लास्टिक सर्जन, नेत्र सर्जन, एनेसथेटिस्ट, इंटेसिवविस्ट ने तत्काल मरीज का इलाज शुरू किया।

हॉस्पिटल पहुंचने के बाद मरीजों की अवस्था को पहले स्थिर किया गया। ब्लड प्रेशर, सांस की गति तथा खून के दौरे को नियंत्रित किया गया। जवान के शंकर के सिर में गंभीर चोटें थी। बायीं तरफसामने की हड्?डी तथा बायीं आंख पूरी तरह बाहर निकल आयी थी। तत्काल इनकी सर्जरी का निर्णय लिया गया। न्यूरोसर्जन डॉ. ए त्रिवेदी ने खून के थक्के साफ करने के बाद मरीज को आईसीयू में शिफ्ट किया गया।

इसके दो दिन बाद प्लास्टिक सर्जन डॉ. दीपक कोठारी तथा नेत्र सर्जन डॉ. गुंजन भाटिया द्वारा बायीं आंख का ऑपरेशन किया गया। जिससे इनफेक्शन दांयी आंख में जाने से रोका गया। इस पूरे प्रोसिजर के दौरान एनेसथेटिस्ट डॉ. संजय गोयल की भूमिका रही। उनके अनुभव और लगातार मार्गदर्शन के कारण इलाज लगातार सही दिशा में चलता रहा। इस ऑपरेशन में डॉ. लिजो डेनियल, डॉ. समीर कठाले एवं डॉ. सुप्रिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस तरह के केस में समय पर त्वरित इलाज मिलना बेहद जरूरी होता है। स्पर्श हॉस्पिटल की टीम ने समय पर सही इलाज मुहैया कराया। जिसके कारण न केवल मरीजों की जान बचाई गई बल्की उनके सारे न्यूरोलॉजिकल फंक्शन को भी बचा पाने में सफल हुए।

#### एसएसबी ने जताया आभार

स्पर्श हॉस्पिटल में जवानों को मिले बेहतर इलाज के लिए एसएसबी ने प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है। एसएसबी के डीआईजी सुधीर कुमार ने कहा है कि दोनों जवान आईईडी ब्लास्ट में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पहले उन्हें अंतागढ़ सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। वहां से उन्हें स्पर्श हॉस्पिटल भेजा गया। स्पर्श हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने दोनों जवानों का बेहतर इलाज उन्हें नया जीवन दिया है इसके लिए एसएसबी हॉस्पिटल के डॉक्टरों का सदा आभारी रहेगा।

## पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग की सलाहकार समिति की हुई बैठक, प्रभारी नेहा साहू रही मौजूद



श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के सलाहकार समिति की आज बैठक हुई जिसमें महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई एवं आगामी वृक्षारोपण पर विशेष रूप से सलाहकार समिति के सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए तथा वृक्षारोपण के लिए रणनीति के तहत प्लानिंग तैयार करने पर चर्चा हुई।

बैठक में पर्यावरण एवं उद्यानिकी प्रभारी नेहा साहू विशेष रूप से मौजूद रही। उन्होंने कहा कि महापौर नीरज पाल के नेतृत्व में पर्यावरण पर विशेष रुप से फोकस किया जाएगा, इसके लिए लोगों में जन जागरूकता भी लाई जाएगी, बेहतर प्लानिंग के साथ नए सिरे से काम किया जाएगा। बैठक में पर्यावरण के अन्य विषयों पर भी सलाहकार समिति के सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए।

#### पर्यावरण पर विशेष रुप से फोकस किया जाएगा - नेहा साहू

इस दौरान सलाहकार समिति के सदस्य एवं पार्षद अंजु सिंहा, उमेश साहू, गिरिजा बंछोर, रविशंकर कुर्रे एवं सरिता देवी सहित अन्य मौजूद रहे। वहीं निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के सचिव पी.सी. सार्वा, सहायक अभियंता आर. एस. राजपूत, लिपिक तीरथ यादव एवं गोपाल यादव मौजूद रहे।

पर्यावरण विभाग प्रभारी सत्यवती वर्मा ने निगम के राजेन्द्र पार्क में भव्य फ्लावर कार्यक्रम को लेकर बैठक समिति के सदस्यों के साथ बैठक

## निर्णय 27 फरवरी को होगा निगम के राजेन्द्र पार्क में भव्य फ्लावर शो का आयोजन किया जाएगा

श्रीकंचनपथ न्यूज



दुर्ग। महापौर धीरज बाकलीवाल के निर्देश पर आज पर्यावरण व उद्यानिकि विभाग प्रभारी सत्यवती वर्मा के अध्यक्षता में पर्यावरण समिति के सदस्यों के साथ बैठक ले कर राजेन्द्र पार्क में होने वाले प्रति वर्ष होने वाले भव्य आयोजन फ्लावर पर चर्चा की गई।

इस विषय पर समितियों के सदस्यों ने निगम के राजेन्द्र पार्क में भव्य तीसरा फ्लावर शो कार्यक्रम दिनांक 27 फरवरी दिन रविवार के लिए अपनी सहमति दी गई।भव्य फ्लावर शो कार्यक्रम के लिए जल्द से जल्द निगम द्वारा तीसरा भव्य फ्लावर शो कार्यक्रम आयोजन की तैयारीयों को लेकर महापौर धीरज बाकलीवाल के द्वारा निर्देश पर अधिकारियों के साथ योजना बनाई जाएगी। पर्यावरण समिति के बैठक में मौजूद। श्रीमती कविता तांडी,श्रीमती हेमा शर्मा, श्रीमती निर्मला साहू,श्रीमती पुष्पा गुलाब वर्मा,सुश्री श्रद्धा वर्मा,एल्डरमेन श्रीमती रत्ना नारमदेव,सहायक अभियंता वीपी मिश्रा,उप अभियंता भीमराव,अनूप वर्मा व विकास यादव मौजूद थे।

## फिर से लता की स्वर भारत मे ही आये, स्वरों से है कामना - मौसमी कमल टंडन

### भारत रत्न को स्वरों में दी गयी, श्रंदांजली, नया सबेरा का आयोजन, 3 पद्मश्री जुटे

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** नया सबेरा के अध्यक्ष मौसमी कमल टंडन के नेतृत्व में प्रदेश भर के विभिन्न विधाओं के कलाकार मिलकर सेक्टर 10 में लता मंगेश्वर को श्रंदांजली देने एक कार्यक्रम स्वरांजलि का आयोजन। किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के तीन पद्मश्री सम्मान प्राप्त अतिथियों ने शिरकत की।

मुख्य अतिथि के रूप में सूफी गायक पद्मश्री भारती बंधु थे वही अध्यक्षता पद्मश्री मदन चौहान ने की ,विशेष रूप से पद्मश्री राधेश्याम बारले , सतनामि समाज के अध्यक्ष बीएल कुर्रे, पायल शर्मा थे ।स्वागत भाषण में समिति अध्यक्ष मौसमी कमल टंडन ने कहा कि हमारी संस्था नया सबेरा शिक्षा ,स्वास्थ्य ,एवं महिलाओ के विकास हेतु संकल्पित संस्था है जिससे कई विभिन्न कार्यो से गरीबी में एक खुसी की लहर पैदा की है जिससे आज भी शिक्षा के कारण हजारों बच्चे स्कूल के दरवाजे में पहुच चुके है। आगे भी हमारी संस्था लगातार कार्य करेगी।

मुख्यअथिति ने कहा कि लता का जाना एक अपूरणीय क्षती है जिसे कोई पूरा नही कर सकता यह क्षति पूरे विश्व की क्षति है उन्होंने छत्तीसगढ़ में भी अपनी आवाज दी है ।इस अवसर पर पद्मश्री राधेश्याम बारले ने कहा कि कलाकारों के लिए किसी का जाना एक कला युग का अंत हो जाता है भले ही उनकी आवाज इस दुनिया मे जिंदा रहेगी ,आज हम सब मिल कर भारत रत्न लता मंगेश्वर को याद कर उनकी आवाज को भारत मे ही और सुनने के लिए प्राथर्ना भी कर रहे है। इस अवसर पर सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष बीएल कुर्रे ,अमृता बारले,कुलेश्वर ताम्रकार ने भी सभा को संबोधित किया ।

## सेक्टर 01 में मोबाइल मेडिकल के माध्यम से लगा विशेष जांच शिविर, शिविर में 179 लोगों ने कराया इलाज

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई निगम क्षेत्र में संचालित मोबाइल मेडिकल के स्वास्थ्य शिविर में नागरिक प्रतिदिन स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने सेक्टर 01 में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया वहीं उन्होंने आए हुए लोगों से फीडबैक भी लिया। इस दौरान स्थानीय पार्षद मौजूद रहे। पार्षद वशिष्ठ नारायण मिश्रा के प्रयासों से अब सेक्टर 1 क्षेत्र में भी नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच सेवा एवं मुफ्त दवाइयां रहवासियों को मिलने लगा है।



रोजाना अलग-अलग स्थानों पर लगने वाले शिविर में सर्दी, खांसी, बुखार व सामान्य बीमारियों का त्वरित इलाज हो रहा है। शिविर में उपस्थित अनुभवी चिकित्सको की टीम आवश्यक लैब टेस्ट कर तत्काल रिपोर्ट दे रहे है जिससे शीघ्र इलाज हो रहा है। घर के पास ही शिविर में बिना कोई लाइन लगाए और फीस दिए इलाज होने से लोगो को नि:शुल्क स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है, जिससे सरकार द्वारा सब्बो स्वास्थ्य जम्मो सुघ्घर योजना साकार हो रही है। योजना का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हो इसके लिए निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे लगातार शिविर स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है ताकि अधिक से अधिक लोगो को योजना से लाभान्वित किया जा सके। निगम आयुक्त ने सेक्टर 01 में आयोजित शिविर स्थल निरीक्षण के दौरान मोबाइल मेडिकल में उपस्थित चिकित्सकों से दवाइयों के स्टॉक तथा किस प्रकार की दवाइयों का वितरण अधिक किया जा रहा है इस प्रकार की जानकारियां लिये, स्वास्थ्य शिविर में पहुंचने वाले लोगों को बिना कोई समस्या के बेहतर जांच व इलाज करने के निर्देश दिए। चिकित्सकीय स्टॉफ ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में शुगर, हिमोग्लोबिन, डब्ल्यूबीसी, आरबीसी, प्लेटलेट्स ब्लड ग्रुपिंग एवं अन्य आवश्यक जांच के लिए रक्त परीक्षण कराने के उपरांत कुछ ही समय में मरीजों को रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा रही है। रक्त परीक्षण उपरांत बहुत अधिक समय तक इंतजार करने की आवश्यकता नहीं है। उल्लेखनीय है कि शिविर में अनुभवी चिकित्सकों के अलावा लैब टेक्नीशियन भी उपलब्ध है। जो लैब में टेस्ट कर इसकी रिपोर्ट मरीजों को शीघ्र उपलब्ध करने का कार्य कर रहे है।

#### 88235 लोगों ने अब तक कराया इलाज

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर में अब तक 88235 लोगों ने अपना इलाज कराया है। शिविर में हिमोग्लोबिन, पेशाब, बीपी, शुगर एवं अन्य तरह की जांच लोग करा रहे हैं। 80932 मरीजों ने शिविर से नि:शुल्क दवाइयां प्राप्त की है। निगम भिलाई में दो मोबाइल मेडिकल यूनिट तथा एक दाई-दीदी क्लीनिक क्षेत्र में संचालित हो रही है। प्रतिदिन अलग-अलग स्लम क्षेत्रों में लगने वाले स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में लोग प्रात: से पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ ले रहे हैं।

## सेल में समान क्षमता वाले फर्नेसों में सबसे तेज लक्ष्य हासिल करने वाला फर्नेस बना बीएसपी का महामाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सबसे बड़े ब्लास्ट फर्नेस-8 महामाया ने 11 फरवरी, 2022 को 9 मिलियन टन संचयी उत्पादन के मील के पत्थर को पार एक नई उपलब्धि हासिल की। 8 से 9 मिलियन टन की यात्रा को पूरा करने में ब्लास्ट फर्नेस को 138 दिन लगे। 1471 दिनों में 9 मिलियन टन के नये संचयी उत्पादन को हासिल करने में सफलता प्राप्त करने के साथ बीएसपी का ब्लास्ट फर्नेस-8 इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को तेजी से हासिल करने वाला सेल का प्रथम ब्लास्ट फर्नेस बन गया।



9 मिलियन टन के इसी रिकॉर्ड को ब्लास्ट फर्नेस-8 ने राउरकेला और बर्नपुर इस्पात संयंत्र के समान क्षमता वाले ब्लास्ट फर्नेस से पहले हासिल किया है। इस प्रकार सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने सबसे कम दिनों के उत्पादन में ही यह मील का पत्थर हासिल कर भिलाई का परचम लहराया। इस उपलब्धि पर भिलाई की सम्पूर्ण इस्पात बिरादरी गौरवान्वित महसूस कर रही है। उल्लेखनीय है कि 149 दिनों में ब्लास्ट फर्नेस-8 ने 4 मिलियन टन से 5 मिलियन टन की उत्पादन यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। ज्ञात हो कि 6 से 7 मिलियन टन की यात्रा को पूरा करने में ब्लास्ट फर्नेस को 141 दिन लगे। इसी क्रम में 7 से 8 मिलियन टन की यात्रा को पूरा करने में ब्लास्ट फर्नेस को 154 दिन लगे।

आज दिनांक 14 फरवरी, 2022 को ब्लास्ट फर्नेस-8 के कंट्रोल रूम में आयोजित समारोह में सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने इस महती उपलब्धि के लिए महामाया के प्रतिबद्ध सदस्यों और सभी सहयोगी विभागों के कर्मचारियों को बधाई सम्प्रेषित की, जिनके सहयोग के फलस्वरूप ब्लास्ट फर्नेस-8 ने उत्पादन के अधिकतम स्तर को बनाए रखने में कामयाबी हासिल की।

उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस टीम से आग्रह करते हुए कहा कि ब्लास्ट फर्नेस-8 की युवा और जानकार टीम ऊर्जा से सराबोर है। मुझे आप सभी से बड़ी अपेक्षाएं हैं।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 : भिलाई निगम ने किया प्रतियोगिता का आगाज, स्वच्छता में बेहतर करने वालों को मिलेगा ईनाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में सफलता प्राप्त करने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छतम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने प्रतयोगिता को लेकर कहा है कि इसमें अधिक से अधिक संस्थानों को शामिल किया जाएगा। यही नहीं स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वालों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।




स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारियां भिलाई निगम में तेज कर दी गई हैं।

इसके लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उक्त प्रतियोगिता को लेकर बताया गया है कि स्वच्छतम मोहल्ला, स्वच्छतम विद्यालय, स्वच्छतम होटल, स्वच्छतम शासकीय कार्यालय, स्वच्छतम बाजार एवं स्वच्छतम हॉस्पिटल इसमें शामिल होंगे। महापौर नीरज पाल ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में भिलाई निगम को नंबर वन लाने शहरवासियों से अपील की है।

नगर पालिक निगम भिलाई के प्रत्येक जोन के 6-6 संस्थानों से पंजीयन फार्म भराकर उन संस्थानों का निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद विजेता घोषित कर प्रशस्ति पत्र से इन्हें सम्मानित किया जाएगा। पंजीयन फार्म के आधार पर नगर पालिक निगम भिलाई के जोन कार्यालय के अधिकारी इसका निरीक्षण कर अंक देंगे और इन्हीं अंकों के आधार पर विजेता घोषित किया जाएगा।

स्वच्छतम हॉस्पिटल प्रतियोगिता में हॉस्पिटल की अधोसंरचना प्रवेश एवं निकास द्वार, हॉस्पिटल के कोरिडोर, कूड़ेदान की व्यवस्था, अपशिष्ट संग्रहण हेतु उपकरण उपलब्धता, गीले कचरे का निपटान, सफाई हेतु उपकरणों की उपलब्धता, क्लीनिकल तथा गैर क्लीनिकल स्टॉफ के लिए साफ-सुथरे प्रसाधन की उपलब्धता पर अंक निधारित किए गए हैं।

इसी प्रकार बाजार क्षेत्र में भी सफाई व्यवस्था व दुकानदारों दिखाई जा रही स्वसच्छता पर अंक दिए जाएंगे। शासकीय कार्यालय की प्रतियोगिता हेतु पूरे परिसर की सफाई, शौचालय की स्थिति, कार्यालय का रंग-रोगन,100 मीटर की दूरी की सफाई, स्वच्छता संदेश का प्रदर्शन, यूजर चार्ज का भुगतान, गार्डन एवं वृक्षारोपण, अपशिष्ट संग्रहण के लिए अलग-अलग कूड़ेदान को मापदंड का आधार माना गया है। इसके अलावा नागरिक प्रतिक्रिया को देखते हुए अंक निर्धारित किए गए हैं।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950